MR. CHAIRMAN: Now, let us proceed with the Business of Motion of Thanks on the President's Address. ...*(Interruptions)*... Further discussion on the Motion moved by Shri C. Sadanandan Master and the Amendments moved thereto on the 2nd February 2026. ...*(Interruptions)*... I now call upon the Members whose names have been received for participation in the discussion. *Shriman* Jagat Prakash Nadda.

$MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS- *Contd.*

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; तथा रसायन और उर्वरक मंत्री; तथा **सभा के नेता (श्री जगत प्रकाश नड्डा)**: माननीय सभापति जी, इससे पहले कि मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर अपने दल की तरफ से और सरकार की तरफ से पक्ष रखूँ, कुछ बातें बहुत स्पष्ट करना चाहता हूँ। महोदय, सबसे पहले तो इंडिया और अमेरिका के बीच में जो ट्रेड डील की बात आई थी, मैंने कल बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा था कि सरकार हर विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार है। हमने यह भी कहा था कि समय रहते इस पर सरकार की तरफ से वक्तव्य आएगा। We

$ Further discussion continued on a motion moved on the 2nd February, 2026.

will respond through a statement. कल हमारे कॉमर्स मिनिस्टर, पीयूष गोयल जी मुंबई में थे। उनकी तबीयत खराब थी, फिर भी ये दिल्ली आए और इन्होंने लोकसभा में वक्तव्य देने का प्रयास किया। वह वहाँ सफल नहीं हो पाया, क्योंकि हाउस नहीं चला। अब देखिए, विपक्ष कैसा है- इसकी चित भी हमारी, पट भी हमारी। अगर हम राज्य सभा में स्टेटमेंट देते हैं, तो कहते हैं, लोक सभा का पहला अधिकार है, आपने कन्वेंशन ब्रेक कर दिया। इन्होंने कल पॉलिटिकल रिस्पॉन्स दिया है, पॉलिटिकल स्टेटमेंट नहीं दी है। इन्होंने पॉलिटिकल स्टेटमेंट यहाँ दी है। अभी जिस बात पर - कांग्रेस के नेता बात-बात पर रूठ कर चले जाते हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेश (कर्नाटक): आपको सुनने के लिए वापस आ गए हैं।

श्री जगत प्रकाश नड्डा: वापस आ जाते हैं - वह तो ठीक है, इसलिए मैं कह रहा हूँ - बार-बार। ...(**व्यवधान**)... लेकिन बार-बार रूठ कर जाते हैं।

श्री जयराम रमेश: हम लोग रूठकर नहीं जा रहे हैं।

श्री जगत प्रकाश नड्डा: मैं उनको यह बताना चाहता हूँ कि पीयूष गोयल जी ने अपने स्टेटमेंट में बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है।

MR. CHAIRMAN: Jairam*ji*, definitely, you listen to him. It is because your leader is also going to speak on this subject. Then, let us listen to both sides. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, we are only exercising our right as Members to seek clarifications. This is the practice. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: No; that is why, I have already...*(Interruptions)*... I have allowed you to rise. As you are raising, so, many of the people stand and raise. How can we act? ...*(Interruptions)*... Jairam Ramesh*ji*, you are a very senior Member of this House. If everybody is raising the same point, how can we act? That is why I allowed you.

श्री जगत प्रकाश नड्डा: सर, ये बार-बार रूठकर चले जाते हैं, तो ये आगे ऐसे न रूठें, इसके लिए मैं फिर से पीयूष गोयल जी के वक्तव्य के कुछ अंश सामने रखना चाहता हूँ। आपका प्रश्न था कि इसकी डिटेल्स क्या हैं, तो उन्होंने अपनी स्टेटमेंट में बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है, "I would like to inform the hon. Members that in terms of the next steps, the two sides will now work together to complete the necessary technical processes and finalize the paperwork related to the trade deal so as to expeditiously unlock its potential. The detailed contours of the agreement will be announced shortly after the completion of these processes." उन्होंने यह बहुत स्पष्ट शब्दों कहा है। दूसरी बात, जब ट्रंप की यह स्टेटमेंट आई और उसके बाद प्रधान मंत्री, मोदी जी का धन्यवाद का ट्वीट आया, तो आप बहुत चिंतित हो रहे थे। उसके बारे में भी उन्होंने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है, "During the course of these

negotiations, the Indian side was able to do this in particular by ensuring that the interests of our agriculture and dairy sector were protected. The US side too had areas that were sensitive for its own point of view." इन दोनों ही वक्तव्यों में उन्होंने बहुत स्पष्ट कहा है। मैं हमेशा कहता हूँ कि you can bring the horse near the water, but you cannot force it to drink. हम आपकी आँखें तो ठीक कर सकते हैं, लेकिन दृष्टि नहीं दे सकते हैं। वह तो आपको अपने आप में ही स्थापित करनी पड़ेगी। मैं इतना कहते हुए राष्ट्रपति अभिभाषण पर अपने वक्तव्य को रखना चाहता हूँ।

सभापति जी, सबसे पहले तो मैं आपका धन्यवादी हूँ कि आपने मुझे अपने दल की तरफ से बोलने का सौभाग्य दिया है। मैं अपनी ओर से और माननीय सदन की ओर से महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी को उनके व्यापक संबोधन के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और धन्यवाद देने के लिए खड़ा हुआ हूँ। उनका उद्बोधन बहुत ही प्रेरणादायी था और बहुत ही दूरदर्शी वक्तव्य था, जिसे सुनने का हम सबको सौभाग्य प्राप्त हुआ। महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी के अभिभाषण में हम सब को भारत की अद्भुत विकास यात्रा का एक शक्तिशाली प्रतिबिम्ब देखने और सुनने को मिला है। इस संबोधन में उन्होंने हमारी सदियों पुरानी संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत पर भी चर्चा की है और उसे भी अपने संबोधन में समेटा है। साथ ही साथ, हम 2047 तक विकसित भारत बनाने की जिस अटल यात्रा पर निकले हैं, यह उसका मिश्रण है। यह हमें देखने को मिलता है। It is a mix of both. जो हमारे ट्रेडीशन्स हैं, जो हमारा कल्चर है, उन्होंने उसे भी समावेश किया है। साथ ही साथ, हम जो डेवलप इंडिया की तरफ बढ़ रहे हैं, अपने वक्तव्य में उन्होंने उस रोडमैप को भी मिश्रित करके रखने का प्रयास किया है। यदि इसे एक तरीके से देखा जाए, तो यह 150 करोड़ भारतवासियों की आशाओं का घोषणा-पत्र है, यह भी हमें ध्यान में रखना चाहिए। ऐसा मैं मानता हूँ। यह अभिभाषण अमृत काल को प्रतिबिम्बित करने वाला अभिभाषण है। जहाँ इसमें उपलब्धियों की चर्चा की गई है, वहीं महान भविष्य के लिए हमने जो रास्ते तय किए हैं और हम भविष्य में किस तरीके का रास्ता लेंगे, इस बारे में भी इस अभिभाषण में चर्चा है।

सभापति जी, हम सब लोग, जो यहां बैठे हैं, बड़े सौभाग्यशाली हैं, जिनको एक ऐतिहासिक मोड़ पर, इस जंक्चर पर अपने आपको एक चश्मदीद गवाह के रूप में इसे देखने का सौभाग्य मिल रहा है। We are privileged कि हमें वह सौभाग्य मिल रहा है। जैसा कि हम जानते हैं कि इस वर्ष हमने वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मनाई। वहीं हम अहिल्याबाई होलकर जी के 300वें जन्म जयंती के भी चश्मदीद गवाह हुए। उसी तरीके से हम भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जन्म जयंती के भी चश्मदीद गवाह हुए और गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को भी जो 350 साल पूरे हुए, उस समय को भी हमें देखने का, उसको एहसास करने का सौभाग्य मिला। सरदार पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती को भी हमने अपनी आंखों के सामने इस साल मनाते हुए देखा है। ये माइलस्टोन्स, इतिहास तो हैं ही, लेकिन इतिहास के साथ-साथ यह आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। इससे हमको प्रेरणा मिलती है। This is the transformation of heritage into horse power. यह हमारे नए युग के युवकों को एक नई ताकत देती है। इसीलिए राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सरदार पटेल का उल्लेख, भगवान बिरसा मुंडा जी का उल्लेख, गुरु तेग बहादुर जी का उल्लेख, हमारे सभी गुरुजनों का उल्लेख और वंदे मातरम् का उल्लेख इस बात को बताता है

कि हमारे युवाओं को नई ऊर्जा, नई प्रेरणा के साथ देश को और महान भविष्य की ओर ले जाने के लिए यह अभिभाषण प्रेरित करता है। यह हमको ध्यान में रखना चाहिए।

प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जो निर्णायक फैसले हुए हैं, जो दूरदर्शी नेतृत्व उन्होंने प्रदान किया है, उसके कारण हमने आधुनिक भारत के लिए एक बहुत बड़ा परिवर्तन देखा है। हम यह कह सकते हैं कि the transformation has been with pride. प्राइड के साथ यह ट्रांसफॉर्मेशन हुआ है। जब हम प्राइड बोलते हैं, तो प्राइड में 'P' for 'progress with a purpose', जब हम 'R' बोलते हैं, तो 'reforms without retreat', जब हम 'I' बोलते हैं, तो 'innovation at a large scale', जब हम 'D' बोलते हैं, तो 'development of all' और जब हम 'E' बोलते हैं, तो 'empowerment of everyone'. ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेशः यह acronym की बीमारी आपको भी लग गई! ...(**व्यवधान**)...

श्री जगत प्रकाश नड्डाः जो अच्छी चीज़ होती है, उसे मैं हमेशा ले लिया करता हूं। ...(**व्यवधान**)... कम से कम आपने हमसे उम्मीद तो रखी है। ...(**व्यवधान**)... हम कहां से चले थे और कहां पहुंचे हैं, इसका अभिभाषण में उल्लेख भी है और उसकी चर्चा भी है। जब हम empowerment of everyone की बात करते हैं, जब हम development of all की बात करते हैं, जब हम इनोवेशन की बात करते हैं, जब हम reforms without retreat की बात करते हैं, जब हम प्रोग्रेस की बात करते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए - मैं बार-बार बोलता हूं, मैंने पिछले वक्तव्य में भी बोला था और आज भी बोलता हूं - in politics और देश और समाज के विकास को जब भी नापना हो, आंकना हो, तो हमेशा याद रखो कि बुरे दिन क्या थे और अच्छे दिन क्या हैं! कहां से चले थे और कहां पहुंचे हैं! अमावस्या कहां थी और पूर्णमासी कहां है! उजाले का मजा तभी लिया जा सकता है, जब अंधकार की त्रासदी को तुम पहचान सको। इसीलिए मैं कहता हूं - we have gone a long way, हमने एक लंबी यात्रा पूरी की है। From Fragile 5, now, we are now the fastest growing major economy. We have to understand that. From policy paralysis, we have now come to reform, perform and transform. From scam-ridden country, देश जो scam-ridden था, वहां से हम निकलकर transparency revolution में आ चुके हैं और यह जमाना डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर का है। इसको हमको याद रखना चाहिए। जहां हम इम्पोर्ट-डिपेन्डेंट थे, वहां आज भारतवर्ष आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रधान मंत्री, मोदी जी ने सही कहा है कि 'यही समय है, सही समय है।' अब 2026 में हम अमृत काल के दूसरे क्वार्टर में चल रहे हैं। हमने पहले क्वार्टर में इकोनॉमी की, देश के विकास की नींव रखी। हमने देश को resilient बनाया। Resilience के साथ-साथ अब जो अगले 25 वर्ष हैं, वे 25 वर्ष foundation with an acceleration के लिए हैं। इसकी नींव को accelerate करना है और अगले 25 सालों में हमें विकसित भारत को achieve करना है। यह इस अभिभाषण में हमको देखने को मिलता है।

Contents Page

महोदय, यह जो शब्दावली आई है - Reforms Express, एक तरीके से तेज रफ्तार से 2047 के लिए हमारी दौड़ पूरी ताकत के साथ चल रही है। Now, we have moved from *status quo* to high-speed trajectory. अब हम high-speed trajectory के साथ तीव्र गति से बड़े स्केल में काम करने के लिए आगे बढ़े हैं। हम सिर्फ बढ़े नहीं हैं, बल्कि हमारे सामने इसके उदाहरण हैं। आप सब लोगों को मालूम है कि GST के बारे में कितना विरोध होने के बावजूद भी GST लागू हुआ और GST ने किस तरीके से परिवर्तन लाया है, किस तरीके से देश को transparent बनाया है और किस तरीके से उसमें लगातार improvements हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि पिछले साल 2025 में जब अमृत काल का प्रथम क्वार्टर complete हो रहा था, उस समय Next Generation GST — GST 2.0 भी लागू हो गया, जिसने इसको simplify कर दिया। इसने GST को two tiers में कर दिया - एक, 18 प्रतिशत और दूसरा, 5 प्रतिशत। हमने उसको दो tiers में, दो slabs में convert किया। पिछली दीपावली में लगभग 1 लाख करोड़ के लाभ के माध्यम से सभी लोगों ने, आम आदमी ने दीपावली मनाई। यह भी हम सबको ध्यान में रखना चाहिए। चाहे जीवन रक्षक दवाएं हो, चाहे मकान बनाने के लिए सीमेंट हो, चाहे सरिया हो, चाहे ऑटोमोबाइल हो, चाहे स्कूटर्स हों, चाहे और कुछ हो, किसानों के लिए ट्रैक्टर हो, appliances हों, हर क्षेत्र में लोगों को दामों में रियायत मिली और आदरणीय प्रधान मंत्री, मोदी जी की तरफ से दीपावली में 1 लाख करोड़ रुपए का उपहार हम सबको देखने को मिला है।

उसी तरीके से Reforms Express ने जो हमारा एक structural fear था, जो हमारा डर था, उस डर को भी इस Reforms Express ने हटाने का प्रयास किया है। जन विश्वास एक्ट, 2023 ने लगभग 300 से ज्यादा प्रावधानों को अपराध मुक्त किया है और उसको हम लोगों ने criminalization से बाहर निकाला है। इसको भी हमको ध्यान में रखना चाहिए।

अभी हमारे भूपेन्द्र यादव जी यहां बैठे थे। अभी मनसुख भाई यहां बैठे हैं। मैं आपको बधाई देना चाहता हूं कि आपने लेबर कोड में सुधार किया। जिस तरीके से मोदी जी के नेतृत्व में बारंबार इस बात को कहा जा रहा था कि हमें लेबर्स को रियायत देनी चाहिए, उनको राहत देनी चाहिए। Labour laws, जो दर्जनों में थे, उन सारे labour laws को आपने चार कोड्स में परिवर्तित किया और एक तरीके से नए generation का Labour Code खड़ा किया। इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। उसी तरीके से new Income Tax Act, 2025 में 12 लाख रुपए तक की इनकम को इनकम टैक्स से जो छूट दी गई थी, वह भी एक क्रांतिकारी कदम है, जो अपने आप में आम आदमी को पहुंचाने के लिए किया गया। वह भी हम सबके सामने है।

सभापति जी, मैं आपके सामने इस हाउस को यह बताना चाहता हूं कि reforms हमारे साधन हैं, साध्य नहीं हैं। वे लक्ष्य नहीं हैं। It is not destination; it is a continuous process. यह सदा चलता रहेगा। इसीलिए अगर हम कहें, तो Reforms Express में हमने हर तरीके से कोशिश की है। 'विकसित भारत-जी राम जी' उसी का उदाहरण है। मैं मनरेगा के बारे में आपके वक्तव्य quote कर सकता हूं - "यह करप्शन का अड्डा है, यह भ्रष्टाचार है, यह transparent नहीं है"। ये कांग्रेस के नेताओं ने मनरेगा के बारे में speeches दी हैं। ये उनके वक्तव्य हैं। आप कहिएगा, तो मैं authenticate करके आपको वे सारे statements दिखा दूंगा। लेकिन उसका modification

हुआ और विकसित भारत-जी राम जी बन कर आया। 100 दिन के बदले 125 दिन की गारंटी और इसके साथ-साथ यह leakage proof और corruption free है। फिर भी मैं बोलता हूं कि हमेशा विकास की गुंजाइश है, हमेशा reforms की गुंजाइश है। आगे भी जो reform करने की आवश्यकता होगी, वह हम करेंगे।

यह किसके लिए करेंगे? क्योंकि हम शिफ्ट कर रहे हैं - from survival—based employment to growth-oriented empowerment और उसके लिए हम इस काम को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। अगर हम ' SHANTI Bill' की बात करें, तो वह भी clean energy के लिए है। अभी तो उस पर दुनिया बहस ही कर रही थी, लेकिन हमारे यहां अगली शताब्दी के लिए power sovereignty सुनिश्चित करने के लिए जो नए ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं, उसके लिए भी मैं विशेष करके प्रधान मंत्री मोदी जी को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने इसको आगे बढ़ाया है। उसी तरीके से 'शांति अधिनियम' में यह मात्र सुधार नहीं है, बल्कि 2047 तक हम 100 गीगा वॉट एनर्जी, न्युक्लियर पावर बनाता हुआ देश बनेंगे, इस बात को सुनिश्चित करके हम आगे बढ़ रहे हैं, जिसका जिक्र अभी पीयूष गोयल जी ने अपने वक्तव्य में भी किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें न्यूक्लियर एनर्जी की जरूरत पड़ेगी और उसको उपयोग करते हुए हम आगे बढ़ेंगे। इस तरीके से इन सारी बातों का उल्लेख करके राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के माध्यम से एक प्रकार से इंगित किया जाता है कि 'विकसित भारत 2047' तक पहुंचने के लिए आज 2026 में क्या करना है और अगले 5 सालों में क्या करना है। इसके रोडमैप को प्रतिबिंबित किया गया है, यह हमें समझ लेना चाहिए।

महोदय, अगर मैं मानूं, तो अभी पिछले सप्ताह में आर्थिक जगत में एक तरीके से क्रांति पर क्रांति आती चली गई है। पहले यूरोपियन यूनियन के साथ हमारा समझौता, फिर इकोनॉमिक सर्वे, फिर क्रांतिकारी बजट और फिर इंडो-यूएस डील - ये सब हमें एक के बाद एक श्रृंखला में देखने को मिले हैं। अगर मैं इकोनॉमिक सर्वे की बात करूं, तो आदरणीया निर्मला सीतारमण जी ने 2025-26 का जो आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया, उसमें बड़े स्पष्ट शब्दों में यह सामने आया है कि यह सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी है, जिसमें real GDP growth rate 7.4 per cent touch किया गया है और जिसमें सबसे कम inflation भी दर्ज किया गया है। अप्रैल से दिसंबर, 2025 के दौरान औसत headline inflation was 1.7 percent only. यह भी हमको ध्यान में रखना चाहिए।

महोदय, जब हम राष्ट्रपति अभिभाषण की चर्चा करते हैं, तो हम इधर-उधर के कुछ उदाहरण लेकर चर्चा करें, यह ठीक नहीं है। जब हम राष्ट्रपति अभिभाषण की चर्चा करें, तो हमें फैक्ट्स के साथ चर्चा करनी चाहिए। देश कहां जा रहा है, किन parameters पर जा रहा है, इस पर हमें चर्चा करनी चाहिए। इसीलिए मैं कहना चाहूंगा कि World Economic Forum के Chief ने क्या कहा है — "India can add 20 per cent to the global growth this year." भारत global growth में 20 प्रतिशत का contribution करेगा, यह हम नहीं कह रहे हैं। मैं खुद अपनी पीठ नहीं थपथपा रहा हूं। हमारे नेता मोदी जी को World Economic Forum का Chief कह रहा है कि "India can add 20 per cent to the global growth this year." The World Bank का

President क्या कह रहा है? वह कह रहा है - "India has demonstrated that it can show exceptional growth." यह भी हम नहीं कह रहे हैं। अभी हमारा European Union के साथ trade agreement हुआ। यह trade agreement सिर्फ दो देशों का कोई trade agreement ही नहीं है, बल्कि यह तिरुपुर के हमारे कारीगरों के लिए नई जान फूंकने वाला trade agreement है, इसे हमें समझ लेना चाहिए। कानपुर में चमड़े के जो कारीगर काम कर रहे हैं, यह उनके लिए नए दरवाजे खोलने वाला trade agreement है। बंगलुरु में IT, Tech के जो हमारे दिग्गज हैं, यह उनके लिए विश्व के 27 देशों में दरवाजा खोलने का रास्ता है, यह हमको समझना चाहिए। यह Economic Forum क्या है? इसीलिए इसको 'mother of all deals' कहा गया। यह हमारे द्वारा नहीं कहा गया, बल्कि यह European Union के द्वारा कहा गया, that this is the 'Mother of all Deals.' यह हमारे युवाओं को, लाखों लोगों को रोजगार देने की संभावनाओं को आगे बढ़ाता है, इसको भी हमको समझना चाहिए। हम 'रोजगार-रोजगार' कहते रहते हैं और जब हम रोजगार लेकर के आते हैं, तो बोलते हैं कि यह होता क्या है-होता क्या है? यह हमें समझना चाहिए कि किस तरीके से मोदी जी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' की ओर आगे बढ़ रहा है। यह हमें समझना चाहिए। **...(व्यवधान)...** India-Oman Comprehensive Economic Partnership Agreement हुआ। यह जो agreement है, यह एक तरीके से हमें मध्य-पूर्व में रणनीतिक ऊर्जा और व्यापार के एक कॉरिडोर के रूप में हासिल कर लिया गया है और link west नीति को हमने और मजबूत किया है, इसको भी हमें समझ लेना चाहिए। उसी तरीके से, इंडिया और न्यूजीलैंड का फ्री ट्रेड अग्रीमेंट हुआ है। इस फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट से लोगों को व्यापार में सहायता मिलेगी। यह हमारे किसानों के लिए लाभकारी है। यह हमारे उद्यमियों के लिए एक नई दिशा देगा। यह हमारे छात्रों के लिए न्यू एवेन्यूज़ खोलेगा। यह हमारी महिलाओं के लिए डेवलपमेंट का स्कोप देगा और इंपावरमेंट करेगा। यह हमारे इनोवेटर्स के लिए नई संभावनाओं को तलाशेगा। उसी तरीके से, जो इंडिया और यूनाइटेड किंगडम का फ्री ट्रेड अग्रीमेंट हुआ है, वह भारत के आईटी सेवाओं और सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट को लाभ पहुँचाएगा और डिजिटल विशेषज्ञता पर जोर देगा। उसी तरीके से, जो कंपनियाँ हैं, वे हमारे प्रोफेशनल्स को निश्चित रूप से वेस्ट में अपनी जगह देंगी। इसको भी हमें ध्यान में रखना चाहिए। इससे बहुत बड़ा फायदा मिलने वाला है।

जयराम जी, मैं फिर से एक नया IMPACT लेकर आया हूँ -- 'I' for 'Inclusion', 'M' for 'Medical Security', 'P' for 'Prosperity of Farmers', 'A' for 'Advancement of Women', 'C' for 'Connectivity Revolution' and 'T' for 'Transformation of Economy in the Manufacturing Sector.'

श्री जयराम रमेशः मंत्री जी, यह "Acronym" की फैक्ट्री कहाँ है?

श्री जगत प्रकाश नड्डाः इंडिया में है। आप जरा भारत को देखना तो शुरू करें। यहाँ बहुत सामर्थ्य है। जब मैं IMPACT की बात करता हूँ, तो उसमें अगर मैं इंक्लूजन की बात कहूँगा, तो हम कहेंगे कि आप कहते थे गरीबी हटाओ, गरीबी हटाओ, लेकिन गरीबी हटाते-हटाते आपने मिडिलमैन पैदा कर दिए और मिडिलमैन के माध्यम से भ्रष्टाचार पैदा किया। आपने ही कहा था कि एक रुपए देते हैं, तो 15 पैसा पहुँचता है। यह हमने तो नहीं कहा था। आपके प्रधान मंत्री ने कहा था। आपने

गरीबों के नाम पर वोट बैंक बनाया और बैंक भी नेशनलाइज़ कर दिये, लेकिन गरीबों को बैंक में जाने का मौका नहीं दिया। वह जन-धन खाता खोला, तो नरेन्द्र मोदी जी ने खोला - यह भी हमें याद रखना चाहिए। आपने वोट बैंक के रूप में उनको इस्तेमाल किया। उनको न घर दिया, न पीने के पानी की व्यवस्था की, न ही यह कोशिश की कि उनकी चूल्हे के लिए कोई ईंधन की व्यवस्था हो सके और न ही शौचालय दिया। अगर उनके लिए ये सारी व्यवस्थाएँ, मानवता का इंक्लूजन किसी ने समावेश किया, तो 2014 के बाद प्रधान मंत्री मोदी जी ने किया। उनको डिग्निटी से रहने का सौभाग्य मिला। 'Dignity' का मतलब, 'D' for 'Direct'. ...(**व्यवधान**)... मैं इंक्लूजन कर रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... यह नहीं होगा। यह बढ़ता जाएगा। क्यों? क्योंकि कम शब्दों में दूरगामी प्रभाव को समझाने के लिए आप जैसों के लिए आवश्यक होता है। 'DIGNITY' -- 'D' for 'Direct', 'I' for 'Immediate', 'G' for 'Genuine', 'N' for 'No Middleman', 'I' for 'Inclusive', 'T' for 'Transparent' and 'Y' for 'Yours'. हमने उसको डिग्निटी के साथ पहुँचाने का प्रयास किया और आज 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर आ गए हैं। हमने गरीबी हटाओ नहीं कहा, बल्कि हमने कहा कि गरीब को एंपावर करो, उनका सुदृढ़ीकरण करो। आपने हटाओ, हटाओ, हटाओ कहा। उनको कहाँ भेजना था? ...(**व्यवधान**)... उन्होंने आपको ही हटा दिया। हमने चार करोड़ पक्के घर बनाए तथा अभी तीन करोड़ और बनाने वाले हैं। उसी तरीके से, हमने 12.5 करोड़ लोगों को वाटर कनेक्शन, 10 करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन दिया। सोशल सिक्योरिटी, जो सिर्फ 25 करोड़ लोगों को मिलती थी, आज 95 करोड़ लोगों को सोशल सिक्योरिटी के दायरे में लाया गया है। 6.75 लाख करोड़ रुपए से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से ट्रांसफर हुए हैं। यह है ट्रांसपेरेंसी, जो हमको समझनी चाहिए। मेडिकल सिक्योरिटी के बारे में मैं जरूर बात करना चाहूंगा। जब यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज की बात कही गई, तब आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कहा, कुछ बड़ा सोचो। हम लोग "आयुष्मान भारत योजना" और "प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजे)" को लेकर गए। आपको जानकर खुशी होगी कि भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा हेल्थ कवरेज देश बन चुका है। 62 करोड़ लोगों को, more than 40 per cent of India's population को गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए हम आज पांच लाख रुपए का हेल्थ कवरेज दे रहे हैं। पहले जहां गरीब आदमी हॉस्पिटल नाम से घबराता था, आज आयुष्मान कार्ड को लेकर वह सीधे सरकारी अस्पताल में जाता है, अपना इलाज कराता है और नया जीवन जीता है। आप सबने भी यह देखा होगा। मैं यहां पर इसकी बार-बार चर्चा इसलिए करना चाहता हूँ, क्योंकि मैं पुराने दिन आपको याद दिलाना चाहूंगा। मैं अंधेरे के दिन याद दिलाना चाहूंगा। आप भी, हम भी, सब "प्रधानमंत्री राहत कोष" की तरफ, "मुख्यमंत्री राहत कोष" की तरफ एप्लीकेशन लिखा करते थे - इनका बाईपास करा दो, इनको डेढ़ लाख रुपए दिला दो, यह गरीब आदमी है, यह उधार में मर जाएगा। इसके कैंसर का इलाज करा दो, इसको दो लाख रुपए दिला दो, इसकी कीमोथेरेपी करा दो, नहीं तो इस गरीब आदमी का जीवन समाप्त हो जाएगा। पहले बुजुर्ग गांव में क्या बोलते थे? वे कहते थे कि मैंने तो अपना जीवन देख लिया है, अब मुझे छोड़ो, बच्चों को पढ़ाई कराओ। मकान मत बेचो, घर मत बेचो, बच्चों को आगे बढ़ाओ, मैंने तो अपनी जिंदगी जी ली है, मैं ऐसे ही जी लूंगा। वे इस तरीके का जीवन व्यतीत करते थे, लेकिन आज "प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" और "प्रधानमंत्री वय वंदन योजना" के तहत 75 साल का बुजुर्ग भी आयुष्मान कार्ड लेकर खड़ा रहता है और बोलता है कि मेरे बारे में मोदी जी ने चिंता कर ली है, तुम घर को आगे

बढ़ाओ, कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आज 11 करोड़ से ज्यादा लोगों का मुफ्त इलाज हो चुका है और लगभग 73 करोड़ आभा आईडी कार्ड्स भी बन चुके हैं। मैं सबसे बड़ी बात आपके साथ यह शेयर करना चाहूंगा कि पिछले दस साल में जो out of pocket expenditure 64.2 परसेंट था, वह घटकर 39.4 परसेंट पर आ गया है। यानी, पॉकेट से खर्च होने वाला एक्सपेंडीचर, जो 64 परसेंट था, वह आज 39 परसेंट पर आकर खड़ा है। Lancet की रिपोर्ट बताती है कि कैंसर से पीड़ित 90 परसेंट लोगों का इलाज आज कैंसर डिटेक्ट होने के 30 दिन के अंदर शुरू हो जाता है। यह मेडिकल सिक्योरिटी आम आदमी को देने का काम किया गया है।

जहां तक prosperity of farmers का सवाल है, तो कोरोना के तुरंत बाद 1.25 लाख करोड़ agricultural infrastructure पर खर्च हुआ। उस समय आप कहते थे, doles बांट दो, doles बांट दो, doles बांट दो। प्रधान मंत्री, मोदी जी ने कहा, doles नहीं बांटेंगे, हम इनको इंपावर करेंगे और उस समय इनको इंपावर करने के लिए 1 लाख, 25 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए। डायरेक्ट ट्रांसफर्स में फार्मर्स को लगभग 4 लाख करोड़ रुपए "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि" में दिया गया है। हमारी फूड प्रोसेसिंग कैपेसिटी अब 20 गुना बढ़ गई है, फार्मर प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशंस लगभग 10,000 एक्टिवेट हो गए हैं और हम फिश में सेकेंड लार्जेस्ट प्रोड्यूसर बन गए हैं। यह भी हमको ध्यान में रखना चाहिए। आज ही हमारे श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जी ने बताया कि मिल्क में हम वर्ल्ड में नंबर वन प्रोड्यूसर हो गए हैं, यह भी हमको ध्यान रखना चाहिए।

अगर मैं नारी शक्ति की बात करूँ, तो महिलाएं सिर्फ बेनिफिशरी नहीं हैं, अब वे लीडर्स बन गई हैं। अब 10 करोड़ महिलाएँ सेल्फ हेल्प ग्रुप्स से जुड़ी हुई हैं। दो करोड़ बहनें लखपति दीदी बन गई हैं और तीन करोड़ और बनेंगी, उसकी भी तैयारी चल रही है, यह भी हमको ध्यान में रखना चाहिए। पहले कनेक्टिविटी में हमारे पास इनलैंड वॉटरवेज सिर्फ 5 थे, आज 100 हैं। उसी तरीके से, वंदे भारत ट्रेन - अश्विनी जी, मैं आपको बधाई देना चाहता हूँ - आज 150 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। यह मात्र दो-तीन साल के अंदर हुआ है कि 150 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। 1,000 किलोमीटर के आसपास मेट्रो रेल्स बन चुकी हैं। We are the third largest network of metros now. Now, almost 100 per cent railways का electrification हो गया है। उसी तरीके से यदि हम कनेक्टिविटी की बात करें, तो आज देश में हाईवे, अंडरपास, एलिवेटेड रोड आदि की एक सशक्त श्रृंखला खड़ी हो चुकी है। इसके साथ-साथ यदि हमें पहाड़ों की ऊँचाई को याद करना हो, तो चिनाब ब्रिज का स्मरण करना चाहिए और यदि समुद्र की गहराई को जानना हो, तो पंबन ब्रिज को याद कीजिए। हमारी सरकार ने नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यहां तक transformation of economy की बात है, हम 'Made in India' से 'Made for world' की तरफ बढ़े है। जैसा कि अभी माननीय श्री पीयूष गोयल जी ने कहा, अब हमारा लक्ष्य 'Made for world' बनना है।

आज लगभग एक लाख करोड़ रुपये के स्मार्टफोन एक्सपोर्ट हो रहे है। मैं बार-बार बोलता हूं, Ten years back, we used to have phones 'Made in China', 'Made in Taiwan' and 'Made in Japan'. आज हमारे पास जो भी स्मार्टफोंस हैं, उन पर 'Made in India' लिखा हुआ है। हमारा इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्शन छह गुना बढ़ चुका है। इसी प्रकार हमने लगभग सौ देशों को

इलेक्ट्रिक व्हीकल्स एक्सपोर्ट किए हैं। उसी तरह से हमारा defense का production लगभग 1.54 लाख करोड़ रुपये हुआ है और defense export हमारा लगभग 23 हजार करोड़ रुपये का बढ़ा है। इस प्रकार हमने एक कोशिश की कि देश विकास की दिशा में आगे बढ़े और उस लक्ष्य को महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित किया गया है।

अब मैं पूर्वोत्तर भारत की बात करना चाहूँगा। वैसे भारत में सबसे पहले सूरज की किरणें नॉर्थ-ईस्ट पड़ती हैं, लेकिन सच्चाई यह थी कि वे विकास की किरणों से हमेशा वंचित थे। अगर 'Act East Policy' किसी ने लागू की, तो वह प्रधान मंत्री मोदी जी ने लागू की और मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया, जिससे सही मायने में नॉर्थ-ईस्ट में सूर्योदय होने लगा। यह भी हमे समझना चाहिए। पहली बार border State मिज़ोरम के लिए दिल्ली-आईजॉल ट्रेन की कनेक्टिविटी की गई है। अश्विनी जी, आपको बधाई कि आपने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विज़न को ज़मीन पर उतारा है। आज वहाँ राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें चल रही हैं। जो कभी सपना लगता था, वह आज हकीकत बन चुका है। पहले नॉर्थ-ईस्ट जाने के बारे में पूछा जाता था, कहां जाएंगे? ...(**व्यवधान**)...

विपक्ष के नेता (श्री मल्लिकार्जुन खरगे): सर, ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: When you are speaking, I will be looking at you only. Because he is speaking, I am looking at that side.

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: Sir, I stand corrected. उन्होंने जो कहा है, मैं उसको फॉलोअप भी करूंगा, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि पहले नॉर्थ-ईस्ट के लिए सवाल पूछा जाता था कि एयरपोर्ट कहाँ है? रेलवे स्टेशन तो है नहीं? कहां उतरेंगे, कहां जाएंगे? आज स्थिति यह है कि ईटानगर, अगरतला सहित पूरा नॉर्थ-ईस्ट well connected है। पिछले ग्यारह वर्षों में, केवल नॉर्थ-ईस्ट में रेल कनेक्टिविटी के लिए 80 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और 7200 किलोमीटर नेशनल हाईवे का निर्माण किया गया है। असम में विश्व की इलेक्ट्रिकल उत्पादों की लाइफलाइन भी बन जाएगी, उसकी भी तैयारी हो रही है।

यदि स्वास्थ्य सुविधाओं की बात करें, तो ईटानगर में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई है और गुवाहाटी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) खोला गया है, ताकि नॉर्थ-ईस्ट के लोगों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर उपचार मिल सके।

अब मैं सिक्योरिटी के बारे में एक बात ज़रूर कहना चाहता हूं कि बहुत बड़ा shift हुआ है। हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान, जिसने हमेशा भारत पर बुरी नज़र रखी, और जिसके प्रति पिछली सरकारों ने काफी रियायत बरती, उसे आज सही मायने में सही जवाब यदि किसी ने दिया है, तो वह हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश ने दिया है। अगर उरी हुआ, तो सर्जिकल स्ट्राइक हुई। अगर पुलवामा हुआ, तो बालाकोट एयर स्ट्राइक हुई। पहले कभी किसी प्रधानमंत्री ने यह वक्तव्य नहीं दिया, लेकिन उरी की घटना के बाद उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि तुम्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। और पुलवामा के बाद उन्होंने कहा था कि तुमने बहुत

बड़ी गलती की है और आगे समय का इंतज़ार करो और वह उत्तर दिया था। पहलगाम के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' में न ही सिर्फ बॉर्डर के पास, बल्कि घुसकर मारने का काम भारत सरकार ने किया, मोदी जी ने किया और वह भी स्वदेशी हथियारों से किया और आतंकवादियों के बेस कैम्प को भी नष्ट किया गया। इसके साथ में suspension of Indus Water Treaty भी किया गया। पहलगाम में अंजाम देने वाले आतंकवादियों को 'ऑपरेशन महादेव' में liquidate किया गया, उनको भी समाप्त किया गया। वह भी हम सबके सामने है। आज का भारत 'new normal' के साथ खड़ा है और 'new normal' मतलब है कि nuclear blackmail करना बंद करो। कोई nuclear blackmail नहीं है।

दूसरा, आतंकवादियों को proxy नहीं माना जाएगा, उसको सरकार का ही एक्ट माना जाएगा। तीसरा, सीमा पर आतंकवाद को उचित जवाब मिलेगा और आतंकवादियों के साथ कोई बातचीत नहीं होगी, उस देश के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। इसके साथ-साथ खून और पानी दोनों एक-साथ नहीं बहेंगे। राष्ट्रपति जी का अभिभाषण एक नई सोच को प्रतिलक्षित करता है। अभी चर्चा हो रही थी और आज सुबह नीरज शेखर जी ने माओवादियों के बारे में प्रश्न पूछा था। उधर से कुछ हल्के-फुल्के मिजाज़ में यह भी कहा गया, हम भी कर रहे थे, हम भी कर रहे थे। मैं पूरे छह साल छत्तीसगढ़ का इंचार्ज रहा हूं और मैंने देखा है कि आपके efforts और हमारे efforts में क्या अंतर है? उन efforts को हमें समझना चाहिए। माओवादियों का 126 जिलों में जो प्रभाव था, आज वह घटकर तीन जिलों तक सीमित हो गया है। इसको हमें समझना चाहिए और लगभग 2000 से ज्यादा माओवादियों ने सरेंडर कर दिया है और उसका मूल कारण 'No talks with terror' है। उनके साथ उसी तरीके से व्यवहार होगा, जैसा व्यवहार उन्होंने आम जनता के साथ किया है। इसी तरीके से आज हम माओवाद पर और अभी हमारे राज्य मंत्री जी ने इस बारे में चर्चा करते हुए बताया था कि एक समय-सीमा के तहत हम माओवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे। **...(समय की घंटी)...** एक और बात जो बहुत महत्वपूर्ण है, वह यह है कि हमने अपने cultural heritage को भी preserve किया। जो colonial period था, जिसको हम Macaulay के नाम से जानते हैं, उस colonial period से बाहर आने का बहुत ही साहसिक कदम प्रधान मंत्री मोदी जी ने उठाया है। सबसे पहले तो हमने reclaim जो भारत की antiques चोरी हुई थीं, उन सबको विरासत के साथ वापस लाने का प्रयास किया है और उसमें हमें काफी सफलता भी मिली है। उसी तरीके से हमारी जो परंपराएं हैं, उनको हम फिर से पुर्नजीवित कर रहे हैं। हम 'colonial shame' में जीने के आदि नहीं हैं, हम 'national pride' के साथ जीने के आदि हैं, इस बात को भी हमने प्रतिबिंबित किया है। Restoration of Kashi Vishwanath Corridor, राम मंदिर का निर्माण होना, केदारनाथ मंदिर का पुनर्जागरण होगा, महाकाल लोक को फिर से रेनोवेट करके ठीक बनाना, ये सारी चीज़ें हमारी परंपराओं में जागृति लाने का एक प्रयास है। उसी तरीके से एक नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में 2020 में भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर ज़ोर दिया गया है। संस्कृत और क्षेत्रीय भाषाओं का परिचय बढ़ाया गया है, प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बहुत-सी क्षेत्रीय भाषाओं को classical language घोषित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, जो योग हमारी विधा थी, उस विधा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाने का काम हमारी सरकार ने आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इसको किया है। आयुर्वेद का निर्यात बढ़ा है और उसको वैश्विक

स्वीकृति मिल रही है। उसी तरीके से 'ज्ञान भारतम मिशन' में एक करोड़ से अधिक पाण्डुलिपियों का digitalization हो रहा है। उसी तरीके से पुनर्जागरण के लिए digitalization के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसको पहुंचाया जा सके, इसका प्रयास हो रहा है।

3.00 **P.M.**

इस तरीके से मैं यह कहूँगा कि जो राष्ट्रपति जी का अभिभाषण है, यह कोई रिपोर्ट कार्ड नहीं है, यह विकसित भारत का रोडमैप है, जिसको उन्होंने इसमें प्रतिलक्षित किया है। 2014 में भारत संभावनाओं वाला देश था, 2026 में भारत प्रदर्शन वाला देश है और 2047 में भारत सर्वोच्चता पर पहुँचा हुआ देश होगा - हम इस तरीके से कार्यरत हैं।

माननीय सभापति जी, हम जब राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा कर रहे हैं, तब वे सारे बिंदु,जो मुझे आपके सामने रखने थे, मैंने रखे हैं। मैं आपके सामने एक बात ज़रूर कहना चाहता हूँ कि मैं महामहिम राष्ट्रपति जी को धन्यवाद तो देता ही हूँ, लेकिन यह भी बताना चाहता हूं कि जब महामहिम राष्ट्रपति जी अपने वक्तव्य के लिए उठी थीं, तब उस समय विपक्ष के लोगों ने वहाँ हंगामा किया था, नारे लगाए थे। ...(**व्यवधान**)... यह भारत के प्रजातंत्र और हमारी जो parliamentary practices हैं, उनके विरुद्ध है, उन कन्वेंशन्स के विरुद्ध है। पर सबसे बड़े दुख की बात यह है कि आप नारे तब लगा रहे थे, जब राष्ट्रपति महोदया वंदे मातरम् गीत की 150वीं जन्म जयंती का उल्लेख कर रही थीं, तब आप नारे लगा रहे थे, जब ऋषि पुरुष बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ...(**व्यवधान**)... बंकिम चंद्र चटर्जी के बारे में बोला जा रहा था। ...(**व्यवधान**)... मैं यह स्पीच लाया हूं, वे स्पीच का पहला पैराग्राफ पढ़ रही थीं।

डा. सैयद नासिर हुसैन (कर्नाटक)**:** ऐसा नहीं है।

श्री जगत प्रकाश नड्डा: नासिर जी, आप सुन लीजिए। This is first paragraph, third line. आप उस समय हल्ला कर रहे थे। "This period has brought many inspirations with it. At present, India is celebrating 150 years of Vande Mataram. The people of India are paying homage to Rishi Bankim Chandra Chattopadhyay." और दुख की बात तो यह है कि जब ये नारे लगा रहे थे, तब उसमें टी.एम.सी. के ये जवान भी आपके साथ शामिल हो रहे थे - यह भी ध्यान में रखना चाहिए। कहाँ गई, आपकी बुद्धि? ...(**व्यवधान**)... इसलिए यह ध्यान में रखना चाहिए।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री; तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (श्री प्रह्लाद जोशी): सर, जब नासिर जी जीतकर आए थे ...(**व्यवधान**)... पाकिस्तान जिंदाबाद बोला था असेम्बली में। ...(**व्यवधान**)...

श्री जगत प्रकाश नड्डा: देखिए, मैंने पहले भी कहा है। खरगे जी, मैं जयन्त जी से कहूँगा कि आप स्किल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री में एक नया चैप्टर जोड़िए। वह चैप्टर हो - Skill Development for opposition parties. Opposition Parties को अपोजिशन में कैसे व्यवहार करना है, यह सीखना

हो, तो हमसे सीखिए। ...(**व्यवधान**)... मैंने जयराम जी को गिनवाया था कि मैं 40 ईयर्स अपोजिशन में रहा हूँ, आप मुझसे सीखिए। अपोजिशन का सबसे पहला काम होता है कि अपोजिशन अपनी क्रेडिबिलिटी बनाए। आप 11 सालों में, अपनी क्रेडिबिलिटी ही नहीं बना पा रहे हैं। आप बोलते हैं कि एसआईआर पर चर्चा कीजिए, तो हम तैयार हो जाते हैं, आप कहते हैं वंदे मातरम् पर चर्चा कीजिए, हम तैयार हो जाते हैं, आप जिसके लिए बोलते हैं, हम उसके लिए तैयार जाते हैं। आपने इंडो-अमेरिकन डील पर बोला, हम उस पर तैयार हो गए, हम वक्तव्य लेकर आ गए, इसलिए मेरा आप सब लोगों से इसके लिए विनम्र निवेदन है। जयन्त जी, इसमें फीस नहीं होनी चाहिए। मेरी इनके लिए, अपोज़िशन के लिए यह एक सलाह है।

सभापति जी, बात यह है कि इनकी पार्टी कुछ अबोध लोगों की बंधक बन गई है। इसमें हम क्या करें? उसका भी यह एक नतीजा होता है।

सभापति जी, आपने मुझे इस अवसर पर अपनी बात रखने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Now, hon. Leader of the Opposition, Shri Mallikarjun Kharge.

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: सर, मैं आपका बड़ा आभारी हूँ कि आपने मुझे बात करने के लिए समय दिया है। हमारे इस सदन के नेता ने अपने सारे विचार बारीकी से हमारे सामने रखे हैं। वे कई अच्छी बात भी बोले, लेकिन सबसे ज़्यादा...

श्री प्रमोद तिवारी (राजस्थान): सर, एलओपी बोल रहे हैं और यह क्या हो रहा है? सर, एलओपी बोल रहे हैं और यह हाउस में क्या हो रहा है? ...(**व्यवधान**)...

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: सर, उन्होंने वकालत तो अच्छी करी, लेकिन उनका केस इतना खराब है कि वे कितनी भी अच्छी वकालत कर लें, तो भी केस जीतने वाले नहीं हैं, क्योंकि आपने देश की हालत इतनी खराब कर दी है कि इसे कोई दुरुस्त करने वाला नहीं है। अब हम आगे आने वाले दिनों में देखेंगे कि क्या होगा। सभापति जी, आपका आभार।

महोदय, 6,062 शब्दों का विस्तृत भाषण इस सरकार ने तैयार करवाया है, पर कई अहम सवालों पर अभिभाषण मौन है। मैं सदन में सिर्फ पाँच जरूरी मुद्दे आपके सामने रखना चाहूँगा। मैं सामाजिक न्याय, सामाजिक सद्भाव, संसदीय लोकतंत्र पर हमला, अर्थव्यवस्था, किसानों-मजदूरों की दिक्कतें और विदेश नीति की खामियों पर अपनी बात रखना चाहता हूँ और आपके सामने यह दिखाना चाहता हूँ कि इन्होंने देश की जनता की भलाई के लिए कितना समय दिया और कितना समय देश के बाहर बिताया। यह आप सभी को मालूम है।

महोदय, सबसे पहले मैं सामाजिक न्याय पर बात रखूँगा। पिछले 11 सालों में मोदी सरकार ने सामाजिक न्याय के ताने-बाने को कमजोर किया है। किया है या नहीं किया है! उनके संवैधानिक हक-हकूक पर चोट पहुँचाई है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में महिला सशक्तिकरण पर बहुत बातें हुईं, पर सच यह है कि महिलाएँ बीजेपी के लिए केवल वोट बैंक बनकर रही हैं। अगर

मोदी जी वाकई महिलाओं के नेतृत्व को आगे लाना चाहते हैं, तो वे सबसे पहले महिला आरक्षण तुरंत लागू करते। इस पर कंडीशन नहीं लगाते। अगर आपको उन्हें शक्ति देनी है, उनका एम्पावरमेंट करना है, तो आप यह बिल पास करके लागू कर सकते हैं। आप कहते हो एक बात और करते हो दूसरी बात। आप इस पर कंडीशन लागू नहीं करते, जैसा कि आपने जनगणना के नाम पर किया और इसे आगे ढकेला। आज से सौ साल पहले, जब महिलाओं के पास वोट का अधिकार भी नहीं था, हमारे देश में भी 78 सालों तक महिलाओं को वोटिंग का अधिकार नहीं था, तब काँग्रेस ने सरोजिनी नायडू को पार्टी का अध्यक्ष चुना। क्या आपके पास ऐसा कोई एग्ज़ाम्पल है? आज भी नहीं है। इंदिरा गांधी जी के प्रधान मंत्री बनने के भी 60 साल पूरे हो गए हैं।

इनकी जैसी कई महान महिलाएं सशक्तीकरण के मिसाल बनी हैं। बीजेपी ने अब तक किसी महिला को अध्यक्ष नहीं बनाया है। ...(**व्यवधान**)... आरएसएस ने 100 साल में किसी महिला को अपना नेतृत्व नहीं सौंपा है। ...(**व्यवधान**)... जातिगत जनगणना को मोदी जी और संघ परिवार ने पहले लगातार खारिज किया। सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा में जब असहमति जताई और जब विपक्ष ने लंबा आंदोलन किया, तो मजबूरी में सरकार को मानना पड़ा और घुटने टेकने पड़े, तब यह आगे शुरू हुआ। सर, यह काम कैसे पूरा होगा? इसका अब तक कोई रोडमैप नहीं है। न विपक्षी दलों से सलाह ली, न विशेषज्ञों से बात हुई और न ही राज्य सरकारों से कोई परामर्श किया गया। सभापति जी, देश में कमजोर तबकों का खास तौर पर दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर लगातार अत्याचार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस की सरकारों में एससी, एसटी समुदाय के आर्थिक विकास के लिए कई कदम उठाए गए। ...(**व्यवधान**)... एससी, एसटी सब-प्लान बना था, लेकिन मोदी सरकार ने कई योजनाओं को कमजोर करके वह खत्म कर दिया। ...(**व्यवधान**)...

अब केंद्र सरकार की योजनाओं में जो धन आवंटित होता है, वह कम होता है और उसे भी सरकार खर्च नहीं कर पाती है। मैं उसके दो-तीन उदाहरण आपके सामने देता हूँ। 'प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना' - नाम अच्छे रखते हैं, जिससे कि लोगों को नाम अच्छा लगे, वह भी खासकर हिंदी में नाम रखने से नड्डा साहब भी खुश होते, क्योंकि उनके आस-पास तो हिंदी अच्छी बोली जाती है। नाम अच्छा और काम खराब! 'प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना' में 41.59 का अंडर यूटिलाइज़ेशन है। यह मेरे आंकड़े नहीं हैं। इतना पैसा आपने अंडर यूटिलाइज़ किया, तो आप क्या भलाई करने वाले हैं! बोलते हो खूब, लेकिन काम नहीं करते। Prime Minister Young Achievers Scholarship में क्या हुआ? 31.51 परसेंट का अंडर यूटिलाइज़ेशन हुआ। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप में 5.660, यानी कम से कम 6,360 करोड़ में आपने कम से कम 40-50 करोड़ रुपये की कमी की है और उसका अंडर यूटिलाइज़ेशन हुआ। इसके जिम्मेदार कौन हैं? बातें बहुत बोलते हैं। ये आंकड़े बताते हैं। ये मेरे आंकड़े नहीं हैं। आप जो देते हैं, उन्हीं आंकड़ों को लेकर मैं यहां पर बात आपके सामने पेश कर रहा हूं। अनुसूचित जातियों, जनजातियों और महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। आकड़े आप लोग छिपाते रहते हो। अगर आप सोशल जस्टिस के डिपार्टमेंट या क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े देखेंगे और मंगाएंगे, तब आपको मालूम होगा कि आंकड़े बढ़ रहे हैं या घट रहे हैं। सबको पता है कि हर अपराध दर्ज नहीं होता है। डर, दबाव और व्यवस्था की नाकामी के कारण असंख्य मामले कभी सामने नहीं आ पाते हैं, क्योंकि गांव में लोग डरते हैं कि अगर केस रजिस्टर हुआ, तो शायद उन्हें गांव में नहीं रहने देंगे।

Contents Page

अत्याचार भी अगर होता है, तो अपनी मर्यादा के डर से महिलाएं और एससी, एसटी के लोग सपोर्ट नहीं होने की वजह से पुलिस तक नहीं जाते हैं। हर घटना रिपोर्ट नहीं होती है, इस कारण जातिगत हिंसा करने वालों को बढ़ावा और प्रोत्साहन मिल रहा है।

सर, आजादी के बाद हमारे सामने दो सबसे बड़े लक्ष्य थे - समान न्याय पर आधारित सामाजिक व्यवस्था खड़ी करना और देश को एक संसदीय लोकतंत्र बनाना। आपने 11 सालों में दोनों पर बुलडोजर चलाए। आपकी सोच में संविधान नीचे और मनुस्मृति ऊपर है। पिछले सालों में सरकार और संविधान के चार स्तंभों - justice, liberty, equality और fraternity - पर आपने चोट लगाई। आप यह कर रहे हैं और संविधान को खत्म करने की आपकी योजना है, इस दिन मैं आपके सामने यह बात रख रहा हूं।

Sir, MGNREGA, National Food Security Act, Forests Rights Act, Right to Education, Right to Information और Land Acquisition Act जैसे कानूनों को भारतीय संविधान में निहित Directive Principles of State Policy, आर्टिकल 36 से लेकर आर्टिकल 51 तक, ध्यान में रखते हुए बनाया गया। ये सब rights-based थे। चाहे मनरेगा हो, food security हो, education हो, health हो, ये सब हमने बनाए। आपने क्या बनाया? आप एक मुद्दा लेते हैं, वही बार-बार बोलते हैं। ये तो rights-based हैं, लेकिन कभी हमारे leaders ने इसके बारे में नहीं बोला। श्रीमती सोनिया गांधी जी, डा. मनमोहन सिंह जी ने इन सब Directive Principles को हक के रूप में लाकर जनता की भलाई के लिए काम किया। आपने क्या किया? आपने इनको उखाड़ कर फेंक दिया। आप हमेशा यही बात करते हैं कि आपने क्या किया, आपने क्या किया। तुमने क्या किया? यही किया कि जो हमने बनाया, उसको बिगाड़ा। हमने रेल ट्रैक डाला, तुमने एक रेल चलाई और बोलने लगे वंदे मातरम्, वंदे भारत, वह स्पेशल ट्रेन, स्पीड ट्रेन। आपकी बुलेट ट्रेन किधर गई, मालूम नहीं! बुलेट ट्रेन शायद शिमला में भाग रही होगी! शिमला से अहमदाबाद भाग रही होगी!

सर, इकोनॉमिक सर्वे तो RTI के dilution की बात करता है। यही आपकी सोच है। मैं आपको यह दिखाना चाहता हूं, हमारा जो RTI है, उसके बारे में यह लिखा गया है, "unless carefully balanced, RTI risks becoming an end in itself, with disclosure celebrated regardless of its contribution to better governance." यह CAG की रिपोर्ट है, मेरी नहीं। अगर आपको चाहिए, तो मैं इसे आपको देता हूँ, इसे टेबल पर रखता हूं। आप इसको अच्छे ढंग से पढ़िए। आप ही की रिपोर्ट रहने के बावजूद आप यह बार-बार कहते हैं कि क्या किया! क्या RTI Act आप लाए! पारदर्शिता आपने लाई! हम लाए और हमने उसको implement किया।

दूसरा, इकोनॉमिक सर्वे के बारे में नड्डा साहब ने जो कुछ अपनी बातें रखीं, सिर्फ वे ही बातें, जो उनके लिए suit होती हैं, उन्हें रखी। आपने यह क्यों नहीं बोला - मणिपुर! मणिपुर जला, सरकार मौन रही। इसमें नेतृत्व की असफलता है। सर, सामाजिक सदभावना की बात मणिपुर के बिना अधूरी है। वहां दो समुदायों के बीच हिंसा हुई, जिसमें कम से कम 200 से अधिक लोगों की मौत हुई और 70,000 से ज्यादा लोग displaced हुए। आपने मणिपुर को militarization zone बना

दिया या उसे military area बना दिया। इतिहास गवाह है। मैं अपना ही एक उदाहरण आपको देता हूँ कि आपके नेता जिसकी बहुत तारीफ करते हैं, तो उतनी भी तारीफ मत करो। एक इंसान ऊपर जाकर नीचे गिरेगा, तो उसकी हड्डी-पसली भी नहीं मिलेगी। इसलिए मैं आपको यह कहना चाहूंगा कि इतिहास गवाह है कि Vasco da Gama को पुर्तगाल से अफ्रीका होते हुए भारत पहुंचने में लगभग 11 महीने लगे, जबकि उसे समुद्री मार्ग भी पता नहीं था। Christopher Columbus को स्पेन से North America पहुंचने में करीब 2 महीने लगे। लेकिन वहां इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी हुई और विपक्ष की लगातार मांगों के बावजूद, हमारे प्रधान मंत्री को दिल्ली से मणिपुर पहुंचने में 2 साल लगे। Vasco da Gama और Christopher Columbus ने तो 11 महीने में, 2 महीने में नयी दुनिया ढूंढ़ निकाली, लेकिन हमारे प्रधान मंत्री जी को दिल्ली से मणिपुर जाने में कम से कम 2 साल लगे। यह है - आपका काम! क्या यह powerful executive है? क्या आपको गरीबों के बारे में चिंता है, देश के बारे में चिंता है? आप नॉर्थ-ईस्ट के बारे में चिंता जताते हैं, तो क्या यही आपकी चिंता है? ...(**व्यवधान**)...

सर, मैं कुछ और बातें भी बताना चाहता हूं। Communal जहर और भारत की आत्मा पर हमला - सर, सामाजिक सदभाव के लिहाज से देश बेहद खतरनाक दौर से गुजर रहा है। भारत की पहचान सदियों से diversity of thought and practice रही है। यह कई धर्मों और संस्कृतियों की जन्मभूमि रहा है, जहां वे आपसी सदभाव के साथ फले-फूले हैं। *...(**व्यवधान**)... आम आदमी को सुरक्षा कहां है? जब एक आदमी झगड़ा सुलझाने के लिए, उनका कोई समाधान करने के लिए जाता है, तो उसी को ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, प्लीज़ बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़ बैठ जाइए।

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: आप उसी को धमकी देते हैं, मारते हैं, खत्म करते हैं। ...(**व्यवधान**)... इसीलिए मैं कहता हूं कि आपके पास सहिष्णुता नहीं है, आप सिर्फ polarization की politics करते हैं, वोटों के लिए लड़ते हैं। आप बड़े-बड़े भाषण करते हैं, सिर्फ polarization के लिए, देश के लिए नहीं। *

MR. CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*...

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: नड्डा साहब, यह आपकी रणनीति है और आप इसी राह पर चल रहे हैं, लेकिन आप दिल से तो यह नहीं चाहते हैं, लेकिन मजबूरी है, आपको मोदी साहब कहते हैं, तो आपको कहना ही पड़ता है। ...(**व्यवधान**)... मेरा एक अलग उसूल है और मैं 60 साल से वही करता आ रहा हूँ।

सभापति जी, मध्य प्रदेश, ओडिशा, दिल्ली, छत्तीसगढ़, केरल आदि राज्यों में चर्चेज़ पर भी हमले हो रहे हैं और क्रिसमस पर हमले बढ़ जाते हैं।*

* Not recorded.

Contents Page

सर, माइनॉरिटीज़ के खिलाफ objectionable, inflammatory, and divisive speeches को बढ़ावा दिया जा रहा है। ईसाइयों और मुसलमानों के खिलाफ जहर उगले बिना इनका खाना हज़म नहीं होता, इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि कम-से-कम आप अपने लोगों को बोलिए कि वे ऐसा जहर उगलना बंद कर दें। आपको पावर मिला है, आप उसका ठीक ढंग से इस्तेमाल कीजिए। उसकी बजाय आप polarization के लिए, वोटों के लिए जहर मत उगलिए और देश मत तोड़िए। इसके बारे में आप खुद सोचिए।* सर, इससे देश की छवि को नुकसान पहुँच रहा है और साथ ही Constitution का core values भी कमजोर हो रहे हैं। हमें तकलीफ है कि राष्ट्रपति जी, जिन्होंने गरीब और कमजोर तबके की पीड़ा को खुद देखा है, उनके अभिभाषण में इस गंभीर चिंता की कोई झलक नहीं है। मैं अभिभाषण पर ही बोल रहा हूँ, नड्डा साहब। हमें तकलीफ है कि राष्ट्रपति जी, जिन्होंने गरीब और कमजोर तबके की पीड़ा को खुद देखा है, समझा है, उनके अभिभाषण में इस गंभीर चिंता की कोई झलक नहीं दिखती, क्योंकि आपने जो कहा, जो लिख कर दिया, वही पढ़ना पड़ता है, वही उन्होंने पढ़ा।

क्या आप विकसित भारत नफरत और विभाजन की बुनियाद पर खड़ा करना चाहते हैं? अगर ऐसा ही आपका रवैया रहा, तो इसका मतलब है कि आप देश देश के टुकड़े करने के लिए ठहरे हुए हैं। **...(व्यवधान)...** यह मैं कहना चाहता हूँ।*

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री (श्री भूपेन्द्र यादव): सर, हम आपकी ही बात कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: नहीं, नहीं। आप मेरी बात नहीं कर रहे, आप दूसरी बात कर रहे थे, यह मुझे मालूम है। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Let him speak. *...(Interruptions)...*

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: * आपका वायदा है, आप कम से कम वायदे तो मत भूलिए! आपको भूलने की आदत है, यह बात और है, लेकिन ये चीजें आपने ही कही हैं। ये हमने नहीं कही हैं। आपने चुनाव में कहा और इसका खूब प्रचार किया, लेकिन अब वे भी सुस्त हैं, आप भी सुस्त हो गए। मुझे समझ में नहीं आ रहा। नड्डा साहब, जो कि प्रेसिडेंट थे, तो इसका क्रेडिट नड्डा साहब को जाएगा, शायद ऐसा समझकर उन्होंने यह नहीं किया होगा। मुझे मालूम नहीं है। अगर स्टेटहुड आपके जमाने में होता, अगर लद्दाख सिक्स्थ शेड्यूल में आता, तो उसका क्रेडिट नड्डा को जाएगा, इसीलिए उन्होंने बोला कि छोड़ दो, इसको जमाना ठीक कर लेगा।

सर, अग्निवीर स्कीम, जो सीधे युवा और रोजगार नीति से जुड़ी है, उस पर पूछे गए प्रश्न को सीक्रेट नेचर का बताकर खारिज कर दिया गया। मेरे प्रश्न का यह उत्तर आता है। सर, जब मैंने मणिपुर में डिस्प्लेस्ड लोगों के पुनर्वास पर संसद में प्रश्न पूछा, तो उसे 'matter before court' बताकर खारिज कर दिया गया। संसदीय जवाबदेही से बचना संसदीय विशेषाधिकारों का उल्लंघन ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र को खत्म करने का एक नया तरीका आपने ढूंढ़ लिया है, तो मैं

* Not recorded.

आपसे यह कहना चाहूँगा कि यदि आप सही मायनों में इस देश में डेमोक्रेसी को बनाए रखना चाहते हैं और सभी की मदद करना चाहते हैं, तो सबसे पहले प्रश्नों के उत्तर देना सीखिए।

दूसरी बात, यह सरकार मनमाने तरीके से देश पर नए कानून थोपना चाहती है। इसीलिए तमाम विधेयक जबरदस्ती पारित कर दिए जाते हैं।* आपको majority का इतना अहम है, गर्व है, तो इसे गरीबों के ऊपर मत चलाइए। डेमोक्रेसी को खत्म करने के प्रयोग मत कीजिए। मैदान खुला है, आप भाग रहे हैं, भागिए। हम देखेंगे कि आप कहाँ तक भागते हैं। यूपीए सरकार के कार्यकाल में 14वीं और 15वीं लोकसभा में कुल 455 विधेयकों में से 315 विधेयक संसदीय समितियों को भेजे गए थे। मैं दोहराना चाहता हूँ, 455 में से 315 विधेयक संसदीय समितियों को भेजे गए। लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 421 विधेयकों में से केवल 77 विधेयक ही संसदीय समितियों को भेजे गए हैं, only 19 per cent. यही है आपकी डेमोक्रेसी, यही है आपकी नीति और यही है आपका बढ़ावा देने का तरीका। माननीय राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा, "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास।" यह एक बहुत अच्छा कथन है, लेकिन संसद में न तो सबका विश्वास कायम किया गया, न ही सरकार ने सभी को साथ लेकर चलने का कोई प्रयास किया। उन्होंने कोई प्रयत्न नहीं किया, लेकिन बोलते यह हैं, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। ये बातें बोलते हैं, लेकिन काम नहीं करते हैं। *जबकि संविधान के आर्टिकल 154 के अनुसार राज्यपाल राज्य का कार्यकारी प्रमुख होता है और उससे यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी मामलों में मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही कार्य करे। जब संविधान सभा में गवर्नर के अप्वाइंटमेंट को लेकर चर्चा हो रही थी, तब डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने स्पष्ट कहा था कि "Governor has no power", क्योंकि उस वक्त यह चर्चा हो रही थी कि nominated Governor होना चाहिए या elected करना चाहिए, सभी ने इस बात को माना कि nominated होना चाहिए, न कि इलैक्टेड। उस वक्त सर्वसम्मति से जो निर्णय हुआ, तो मैं उसका ...(**व्यवधान**)... Sir, I have not yielded.

श्री भूपेन्द्र यादवः आप बड़े आदमी हैं,

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: I have not yielded.

श्री भूपेन्द्र यादवः सम्मानित नेता हैं।

MR. CHAIRMAN: You give him one minute. He asked two-three times. Let us listen to what he wants to say.

श्री भूपेन्द्र यादवः सर, इनको इतिहास बहुत पता है। *

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः मैं आज की बात कह रहा हूं।

श्री भूपेन्द्र यादवः *

* Not recorded.

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: *

श्री भूपेन्द्र यादव: *

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: The Governor has no power to interfere with the internal administration of a provincial Ministry. *क्या आप कभी ऐसे इंकार कर पाते हैं? गवर्नमेंट की कोई स्टेटमेंट है, उन्होंने पढ़ा है। प्रेसिडेंट का जो अभिभाषण होता है, वे पढ़ते हैं। हमें मालूम है कि उसके पीछे किसका हाथ है, किसने बोला और जो भी आप बोलते हैं, वही लिखते हैं। *भारतीय संविधान ने लोगों को समानता से लेकर जीविका का अधिकार दिया। आरएसएस, बीजेपी के मन में बराबरी की बात कभी नहीं आई। उनकी सोच अमीरों को और अमीर बनाना और गरीब को और गरीब बनाने की है। World Inequality Report, 2026 के अनुसार भारत ने टॉप 1 परसेंट के पास देश की लगभग 40 परसेंट संपत्ति है। टोटल वेल्थ सिमट चुकी है। टॉप 10 परसेंट, दो-तिहाई, यानी 65 परसेंट हाउस होल्ड असेस्ट्स के मालिक हैं और मैं कहूंगा कि इनकम के स्तर पर भी टॉप 10 परसेंट के अकेले 58 परसेंट नेशनल इनकम ले जा रहा है, जबकि bottom 50 परसेंट को सिर्फ 15 परसेंट पर छोड़ दिया गया है। 50 परसेंट लोगों के पास सिर्फ 15 परसेंट असेट्स उनके पास हैं। क्या आप इस Inequality को दूर करने में लगे हैं? हमसे बोले कि गरीबी हटाओ। आपने क्या किया? आप मुझे बताइए, क्योंकि यह मेरी रिपोर्ट नहीं है। आपने अभी मोदी जी की world economic report पढ़ी। मैं World Inequality Report पढ़ रहा हूं। आपकी ग्रोथ की सोच पसंदीदा, चुनिंदा पूंजीपतियों के लिए है, मेहनतकश लोगों की दिक्कतों से आपका कोई मतलब नहीं है। यही आपका विकसित भारत है और यही आपकी सोच है।*

महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि इनको नौजवानों की पीड़ा से कोई मतलब नहीं है। उनकी पीड़ा कम करने का सबसे आसान रास्ता यह था कि कम से कम सरकारी वैकेन्सीज़ तो भरे। लेकिन आज केंद्र सरकार में 9.7 लाख से अधिक पद खाली हैं। यह उन्हीं के प्रश्न का उत्तर है। पब्लिक सेक्टर्स, पुलिस आदि मिलाकर करीब 50 लाख से भी ज़्यादा वैकेंसीज़, हर स्टेट को मिलाकर खाली हैं। ये एम्स, मेडिकल संस्थानों में, आंगनवाड़ी से लेकर सभी योजनाओं में, 50 लाख के ऊपर होती हैं। नोटबंदी, लॉकडाउन, बुलेट ट्रेन चलना, काला धन वापस लाना, दो करोड़ नौकरियाँ देना — ये सब जुमले कहाँ गए हैं? कहाँ हैं ये सब? खूब! उनको भुलाने के लिए आप अभी भी बहुत कोशिश करते हैं, लेकिन लोग भूलते नहीं हैं।*

सर, दूसरी चीज़ यह है कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने एक ही वर्ष में 1.3 लाख किलोग्राम ड्रग्स जब्त की। पिछले पाँच वर्षों में हाई वैल्यू ड्रग सीज़र्स का 65 परसेंट केवल गुजरात के बंदरगाहों से हुआ है। कहाँ से हुआ? *यह गांधी जी का प्लेस है, यह गांधी जी की जगह है। उस जगह! आप अपने आपको बड़े पॉवरफुल समझते हैं।* कहाँ गई यह? आप रोक नहीं सकते नारकोटिक का यह ड्रग मिलना, आप रोक नहीं सकते नशाबंदी को। आप शाकाहारी की बात करते हैं और इधर लोगों को नशे का दोष देते हैं। *पर क्या ये लोग उसको कंट्रोल नहीं कर सकते हैं? आपके पास रोज़ आजू-बाजू में फ्री रहता है। यह आपका चाल, चलन और नीति है।

* Not recorded.

सर, मैं आपसे यही कहूँगा कि आप युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए कुछ कीजिए। जो जोखिम भरे रास्ते से अमेरिका, कनाडा और यूरोप तक जाते हैं, वे मारे-मारे फिरते हैं। आप हज़ारों नौजवानों को इज़रायल जैसे एक्टिव वॉर ज़ोन में फिलिस्तीन मज़दूरों की जगह काम करने के लिए भेजते हैं।

सभापति जी, मैं आज प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूँ - नड्डा साहब, क्योंकि वे यहाँ नहीं हैं, इसलिए पूछ रहा हूँ कि क्या एक्टिव वॉर ज़ोन में मज़दूरी के लिए अपने नौजवानों को भेजने से आप भारत का सम्मान बढ़ा रहे हैं? क्या इससे आपका सम्मान बढ़ता है? विश्व गुरु! गुरु, कम से कम अपने लोगों को नौकरी तो दीजिए, एक दिन का खाना तो दीजिए, सिर पर छत तो दीजिए, कुछ तो कीजिए। ...(**व्यवधान**)... लेकिन आप सभी का टीका करने में लगे हैं और दुनिया में फिरते रहते हैं। यूपीए सरकार ने मनरेगा को अधिकार आधारित बनाया था, जिसमें मांग पर करोड़ों मज़दूरों को कानूनी गारंटी मिली थी। ...(**समय की घंटी**)...

इसका सबसे बड़ा फायदा महिलाओं को हुआ। डा. मनमोहन सिंह और सोनिया गाँधी जी ने गरीब श्रमिकों के लिए गरिमा और आजीविका की सुरक्षा देने वाला सेफ्टी नेट तैयार किया। इसे ग्राम सभाओं के क्रियान्वयन में शामिल किया गया। जनता की जरूरत के हिसाब से फंड एलोकेशन सुनिश्चित किया गया। लेकिन आज एनडीए सरकार इसे डिमांड-बेस्ड से एलोकेशन ड्रिवन बना रही है और फंडिग पैटर्न में बदलाव हुआ है। इसमें पहले 90 प्रतिशत शेयर केंद्र सरकार का और 10 प्रतिशत राज्य का था, लेकिन आज 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य का कर दिया गया। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि क्या यह स्टेट के लिए ठीक है? क्या स्टेट इसे करेगा? स्टेट के पास उतनी शक्ति नहीं है। खास करके, हिमाचल के पास तो कुछ भी शक्ति नहीं है, क्योंकि वहाँ पर रेवेन्यू नहीं मिलता है। उत्तराखंड जैसे गरीब राज्यों के पास इतना राजस्व मिलना मुश्किल है, फिर भी इन्होंने ठोक दिया कि 40 परसेंट आप दीजिए! वे 40 परसेंट देंगे नहीं और ये यहाँ से 60 परसेंट छोड़ेंगे नहीं। इसलिए मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूँ कि जो मनरेगा एक्ट है, उसी को रहने दीजिए। अगर आप नया एक्ट लागू करेंगे, तो मैं समझता हूँ कि यह मजदूरों के खिलाफ है, गरीबों के खिलाफ है, किसान-मजदूर के खिलाफ है और महिलाओं के खिलाफ है। आप राइट टू वर्क छीन रहे हैं, इसलिए मैं आपके सामने ये बातें रख रहा हूँ। आपने मनरेगा मूल स्वरूप भी बदल डाला है। हमारी माँग है कि कम-से-कम गाँधी जी नाम पर तो राइट टू वर्क फिर से बहाल होने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

महोदय, हाल के महीनों में सरकार ने लेबर कोड का जोर-शोर से प्रचार किया। आप लेबर मिनिस्टर भी थे। आप जो लेबर कोड लाए हैं, क्या वह सच है? क्या आप यह मानते हैं? आप यह दिल से बोलिए। नहीं बोलेंगे। ये क्या बोलेंगे? क्या ये मजदूरों के खिलाफ बोलेंगे? सर, सच्चाई यह है कि आज़ादी से पहले और आज़ादी के बाद बने वे सभी श्रम कानून, जो मजदूरों के भविष्य की गारंटी थे, *छँटनी की सीमा 100 कर्मचारी से बढ़ाकर 300 कर देने से भारत की 80 प्रतिशत से अधिक फैक्ट्रियाँ अब बिना सरकारी अनुमति कर्मचारियों को निकाल सकती हैं। पहले ज्यादा लेबर

* Not recorded.

इन्टेंसिव काम था, लेकिन अब हमारे पास मशीनें ज्यादा आ गई हैं। जब मशीनें ज्यादा आती हैं, तब लेबर और भी घटता है। लेकिन आपके दिमाग में नहीं आ रहा कि इसे 300 कर्मचारी से घटाकर 100 करना यह कितना उचित है? आपको हैंडलूम्स के बारे में तो मालूम ही है। जितने लोग पहले हैंडलूम में काम करते थे या खादी भंडार में काम करते थे, अब इलेक्ट्रिसिटी आने से, मशीनें आने से वे सब घटते जा रहे हैं। तो ये जो लेबर कोड है, यह मजदूरों के खिलाफ है, आम जनता के खिलाफ है, इसलिए इसमें पहले जो आठ घंटे काम करने का प्रावधान था, उसे वैसा ही रखना चाहिए।

सर, मैं एक बात और कहूँगा। दूसरा मुद्दा है - यूनियन को दबाना। आपका यूनियन, बीजेपी का यूनियन यही चाहता है। वह आपके खिलाफ स्टेटमेंट तो देता है, लेकिन वह बाहर नहीं आती, क्योंकि कोई लड़ता है, तो लड़ने दो। अगर मुझे कुछ फायदा होता है, तो वह ठीक है। सर, जब डा. बाबा साहेब अम्बेडकर वायसराय एग्जीक्यूटिव काउंसिल में लेबर मेम्बर थे, तब उन्होंने भारत में पहली बार 8 घंटे काम का नियम बनवाया था, जो तब 14 घंटे था। उस समय ब्रिटिश गवर्नमेंट में वहां के लोगों के लिए काम का समय 8 घंटे का था, लेकिन यहां के लोगों के लिए 14 घंटे का था। तब उन्होंने लेबर मेम्बर के नाते, उस वायसराय काउंसिल के मेम्बर होने के नाते कहा कि आपके लिए 8 घंटे और हमारे लिए 14 घंटे, यह हम नहीं मानेंगे, तो उन्होंने 8 घंटे का समय ही रखवाया। Minimum Wages Act उसी वक्त शुरू हो गया। उसके बाद डा. अम्बेडकर द्वारा रखी गई नींव को खत्म कौन कर रहा है? आप बार-बार उनका भी नाम इलेक्शन में लेते हो। वह आप ही खत्म कर रहे हो। मजदूरों को मिलने वाला जो उनका हक है, उसे कुचल रहे हो। यूनियन को कुचल रहे हो। आप एक तरफ गरीबों की बात करते हो और दूसरी तरफ आप उनको खत्म करने की बात करते हो।

सर, 11 साल पहले अच्छे दिन का वादा आपने किया था, लेकिन आज प्रदूषण की धुंध में अच्छे दिन दिखाई नहीं दे रहे हैं। प्रदूषण इतना है कि आपके अच्छे दिन कहां हैं, यह दिख नहीं रहा है। क्या आपको दिख रहा है?...(**व्यवधान**)... 11 साल की नाकाम नीतियों का नतीजा यह है कि लोग अब जीने के लिए हवा खरीदने को मजबूर हो गए हैं। ...(**व्यवधान**)... 90 हज़ार करोड़ का एंटी पॉल्यूशन डिवाइसेज़ का बाजार खड़ा हो गया है। Ease of business की बात करने वाले ease of breathing नहीं दे पा रहे हैं! इसीलिए मैं आपसे यही कहूंगा कि अपनी गलतियों को छुपाने के लिए आप इधर-उधर की बात मत करो। सीधा आओ और गलती है, तो कहो गलती है और इसको सुधार लेंगे, लेकिन उधर आप देखना नहीं चाहते।

सभापति जी, संसद सत्र चल रहा है। इस बीच भारत-अमेरिका ट्रेड डील हुई, लेकिन उसके बारे में सांसदों को सरकार से नहीं, बल्कि राष्ट्रपति ट्रम्प से पता चला। ...(**व्यवधान**)... सरकार से नहीं, राष्ट्रपति ट्रम्प से पता चला। ...(**व्यवधान**)... हमारी संसद चल रही है। नड्डा साहब को मालूम नहीं, यादव साहब को भी मालूम नहीं है। ट्रम्प बोल रहा है कि इस देश को क्या करना है, किस ढंग से चलाना है। ...(**व्यवधान**)... वहां से वे काम कर रहे हैं। सर, इस डील से भारत का किसान तबाह होगा। अमेरिकी एग्रीकल्चर सेक्रेटरी, ब्रुक रोलिंस ने कहा, "New US-India deal will export more American farm products to India's massive market, lifting prices and

pumping cash into rural America." यानी अमेरिका के रूरल लोगों को, एग्रीकल्चरिस्ट को इससे फायदा होगा, यह वहां की एग्रीकल्चर सेक्रेटरी ने कहा। तुम हमारे एग्रीकल्चरिस्ट को, हमारे फार्मर्स को यहां से कुचल रहे हो। आप उनको खत्म करना चाहते हैं। जो इम्पोर्ट होता है, उस पर ज़ीरो टेरिफ! हम जो कुछ बेचते उसे 25 से 18 तो किया है, लेकिन अभी वह नहीं आया है। आप किसानों के हित में काम कर रहे हो या किसानों के खिलाफ काम कर रहे हो, इस बारे में एक बार हमको बता दो। *...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Khargeji, now please try to conclude.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Sir, you have come here for the first time and I am speaking for the first time. You may give me some time at least.

MR. CHAIRMAN: Okay. You may continue, but try to conclude.

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: सर, भारत-अमेरिका ट्रेड डील हुई, लेकिन उसके बारे में सांसदों को सरकार से नहीं, बल्कि राष्ट्रपति ट्रम्प से पता चला, यह संसद का अपमान है।

4.00 **P.M.**

इस डील से भारत का किसान तबाह हो गया। अमेरिकी एग्रीकल्चर सेक्रेटरी ने क्या कहा, मैं उसे फिर से नहीं पढ़ना चाहता। आप भारत के किसानों की आय दोगुनी करने वाले थे। आप भारत के किसानों की आमदनी दोगुनी करने वाले थे। करने वाले थे न! इसीलिए आप अमेरिका से दोस्ती कर रहे हैं! अमेरिका आपके पास जो सामान भेज रहा है, उस पर जीरो परसेंट टैरिफ है। कभी भी, कहीं भी, कोई भी, कैसा भी सामान हो, वह भेज सकता है। उसको कोई क्वेश्चन नहीं कर सकता। बेचने वाले के लिए तो कंपीटिशन होता है। जहां अच्छी क्वालिटी है, ठीक ढंग से क्वांटिटी मिली या नहीं, हम देखते हैं। लेकिन यहां तो सीधा उनको इतना कंसेशन दिया गया है कि तुम भारतीय किसानों को जितना हो सके, उतना मारो, कुचलो, ताकि वह ऊपर उठ नहीं सके और तुम्हारा माल हर जगह, कन्याकुमारी से कश्मीर तक और वेस्ट बंगाल से राजस्थान तक चले। इसमें किसान तबाह हो रहा है, तंग हो रहा है। कम से कम दोगुना करने वाली सरकार को मैं कहूंगा कि उनको जिंदा तो रहने दो। जिंदा रहने के लिए क्या कर सकते हैं, आप वह तो करो। आपके हाथ से दोगुना करने का काम नहीं होता है, लेकिन वे जहां हैं, उनको वहीं तो रोको। मामूली आमदनी वाले भारतीय किसान heavily subsidized अमेरिकी कृषि उत्पादनों का मुकाबला कैसे करेंगे! आपने 11 साल में हमारे किसानों को कमजोर ही किया है। सभापति जी, भारत एक कृषि प्रधान देश है और इसकी सबसे बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है। आपको हमारे कृषि उत्पादनों के बारे में सोचना था, पर आप किसी और तरह की राह पर चल रहे हैं। यदि कृषि आयात बढ़ा, तो भारत की एमएसपी प्रणाली पर दबाव पड़ेगा। आपने इस बजट में भी किसानों के हक में कुछ नहीं किया। आप बिना तैयारी के करोड़ों भारतीय किसानों को बेहद संपन्न अमेरिकी किसानों का मुकाबला

* Not recorded.

करने के लिए खड़ा कर रहे हैं। इस बात को समझे बिना भारत का बाजार खोलना हमारे किसानों को बर्बादी की ओर ढकेलना है।

सर, प्रधान मंत्री जी को मैं याद दिलाना चाहूंगा कि किसानों के एक साल चले विराट आंदोलन के बाद आपको संसद से तीन काले कृषि कानूनों को बुलडोज करना पड़ा। आंदोलन के बाद आपको उनको वापिस लेना पड़ा। ये काले कानून वापिस लेने के बाद भी आप फिर यह गलती कर रहे हैं! आप अमेरिका के गले मिल कर कर रहे हैं! यह मेरा फ्रेंड है, हम सुबह उठते ही चाय पर गपशप करते हैं, वह करते हैं, क्या-क्या बातें बोले! मेरा दोस्त है और उसके चुनाव में गए, वे हारे। यह सब होने के बावजूद एक बार फिर से किसान आंदोलन उठेगा और जब वे लोग रास्ते पर उतरेंगे, तो आप कहीं के नहीं रहेंगे। जैसे आपने वे कानून वापिस लिए, ये सब चीजें भी आपको वापिस लेनी पड़ेंगी।

सर, मैं आपके सामने आखिरी चीज बताना चाहता हूं। यह किसान विरोधी ट्रेड डील है। यह डील विफल विदेश नीति का नतीजा है। *विश्व मंच पर अमेरिका बार-बार भारत का अपमान करता है। राष्ट्रपति ट्रंप दावा करते हैं कि उन्होंने भारत-पाक युद्ध को trade की धमकी से रोका और *अब ट्रंप घोषणा कर देते हैं कि भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। यह वेनेजुएला से तेल खरीदेगा! आप जहां बोल रहे हैं, वहीं से खरीदना। आप किसी की दुकान पर जाएं, तो उसी दुकान पर जाना। *यह गलत है। अब यह सवाल उठता है कि जब हमारी sovereignty पर हमला हो रहा है, जब हम ट्रंप के कंट्रोल में आ गए हैं, तो आप ही सोचिए कि हमारी हालात विश्व में क्या है?

सर, हमारा सबसे करीबी पड़ोसी देश नेपाल है, चीन है। ये सब आज मिल रहे हैं। नेपाल, भारत के कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधूरा जैसे क्षेत्रों पर अपना दावा कर रहा है। 1971 के बाद पहली बार बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान के नजदीक आ चुका है और बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं, फिर भी हमारी सरकार चुप है। मोदी जी हमेशा बात करते हैं कि मैं सबका संरक्षण करूंगा, *

MR. CHAIRMAN: Khargeji, please conclude. No personal remarks ...(*Interruptions*)...

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: I leave it, Sir.

MR. CHAIRMAN: That will not go on record. Please conclude.

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: नहीं, नहीं। मैंने जो बोला वह रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा, *...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Do not make any personal remarks. Now, please go ahead.

श्री प्रमोद तिवारी: सर, मोदी जी यह खुद बोलते हैं, ये उसी को तो दोहरा रहे हैं।

* Not recorded.

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः सर, हिंदू अल्पसंख्यकों पर जो वहाँ अन्याय हो रहा है, अत्याचार हो रहे हैं, उनको रोकिए और कहिए कि भाई, ऐसी चीजें हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर आप यह नहीं बोलेंगे, तो कल के दिन हमारा बहुत बड़ा नुकसान हो जाएगा। सर, भारत का चीन के साथ trade deficit record 116 लाख करोड़ डॉलर ...(**व्यवधान**)... सॉरी, 116 लाख करोड़ तक पहुँच गया है। जो कभी चीन को लाल आंखें दिखाने की बातें करते थे, वही आज चीन के लिए trade का red carpet बिछा रहे हैं। जब चीन गलवान के बाद लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश पर दावा ठोकता जा रहा है, भारत के साथ आर्थिक रिश्ते अपनी शर्तों पर तय कर रहा है, यह देश के लिए नुकसान है। यह मजबूती नहीं है, यह strategic surrender है और यह देश इसकी कीमत चुका रहा है। यह trade तब बढ़ रहा है, जब सरकार कहती है कि पहलगाम हमले के बाद, चीन पाकिस्तान को खुफिया मदद दे रहा था, फिर भी उसका स्वागत किया जा रहा है।

सभापति जी, विदेश नीति की विफलताएं विदेशों तक सीमित नहीं रहतीं, वे आंतरिक सुरक्षा की चूक बनकर देश के भीतर उठती हैं। 2014 के बाद से इस सरकार के कार्यकाल में 2,300 से अधिक आतंकी हमले हुए, जिनमें करीब 1,000 भारतीयों ने अपनी शहादत दी। आप विदेश नीति को घरेलू ध्रुवीकरण का हथियार बनाना चाहते हैं। चुनावी लाभ के लिए ऐसा दुरुपयोग लोकतंत्र और विदेश नीति के लिए खतरनाक है। सर, अब मैं आखिरी बात रखूंगा।

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः सर, मैं conclude कर रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... इसके बाद आप बोलने को कहेंगे, तब भी मैं नहीं बोलूंगा। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः सभापति जी, अंत में मैं इस सरकार से यह जानना चाहता हूँ कि वह किस प्रकार का भारत बनाना चाहती है - प्रतीकात्मक भारत या वास्तविक लोकतांत्रिक, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और संप्रभु का सॉवरेन भारत? न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधु-प्रेम के सिद्धांतों वाले भारत से उनका परहेज दिखाई दे रहा है।

सर, टैक्सपेयर के पैसे से किए गए भव्य आयोजन और प्रोपेगेंडा जनता को थोड़े समय के लिए गुमराह कर सकते हैं, पर आपने गरीब, महिला, वंचित, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्ग, कामगार, किसान और छात्रों - इन सबके हितों पर चोट पहुँचाई है और उनको निराश कर दिया है, लेकिन बात तो बड़े-बड़े करते हैं। सर, बातों से काम नहीं होता, बल्कि काम करना पड़ता है। इसलिए हम विपक्ष के रूप में सवाल उठाना और संसद तक तथा संसद के बाहर भी बोलना जारी रखेंगे, क्योंकि जब तक लोग समझेंगे नहीं, आप तो समझते नहीं, आप तो सोए हुए हैं और सोए हुए आदमी को जल्दी कोई जगा नहीं सकता, लेकिन जो नहीं उठने की सोच कर सोता है, उसको उठाना बड़ा मुश्किल है। सोए हुए आदमी को हम उठा सकते हैं, लेकिन जो आदमी सोए हुए का ढोंग करता है, उसको उठाना मुश्किल है।

Contents Page

सर, संविधान की रक्षा के लिए जनजागरण हमारा नैतिक और संवैधानिक कर्त्तव्य है। आखिर में, मैं एक बात बोल कर अपनी बात को समाप्त करता हूँ। सर, *वे भी ऐसा ही करते है, नड्डा साहब कम किए, आपकी तरफ कम देखे, अपने एमपी की तरफ ज्यादा देखे, लेकिन आप कम देखें।

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: *

"आपकी नफरतें बताती हैं कि आपको प्यार की जरूरत है,
जीत ने अंधा कर दिया है तुम्हें, आपको एक हार की जरूरत है।"

धन्यवाद। जय हिंद! जय संविधान!

MR. CHAIRMAN: Yes, please. Now, the Leader of the House.
SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: Sir, I want to say only one thing. *I would like to put the record straight. Just now, Piyush Goyal ji made a statement about the Indo-US trade deal and the statement which he has made is, "During the course of these negotiations, the Indian side was able to do this in particular by ensuring that the interests of our agriculture and dairy sector were protected." आप बार-बार जो एग्रीकल्चर सेक्टर की बात बोल रहे हैं ...(**व्यवधान**)... उन्होंने written statement में इस बात को कहा है। ...(**व्यवधान**)...

SHRI JAIRAM RAMESH: Mr. Chairman, Sir, ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: You should have the patience to hear the other side. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: I want to put the record straight. ...(*Interruptions*)... I want to put the record straight. ...(*Interruptions*)... ...(*Interruptions*)... Now, Professor... ...(*Interruptions*)...

DR. LAXMIKANT BAJPAYEE (Uttar Pradesh): Hon. Chairman, Sir, ...

MR. CHAIRMAN: Yes, Bajpayee ji.

डा. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी: सर, मैं बड़ी विनम्रतापूर्वक आपके सामने रूल 238 पढ़ना चाहता हूँ। Rule 238 says, "A Member while speaking shall not use offensive expressions about the conduct or proceedings of the Houses or any State Legislature."

* Not recorded.

MR. CHAIRMAN: That has been taken care of by me. I had noted that point. His personal comments on the hon. Prime Minister have been noted and I have asked them to expunge the same. Please do not worry.

DR. LAXMIKANT BAJPAYEE: 'It is a breach of privilege and contempt of the House to make speeches or to print or publish any libels reflecting on the character or proceedings of the House or its Committees or on any Member of the House for or relating to his character or conduct as a Member of Parliament.'

MR. CHAIRMAN: I will look into it. ...(*Interruptions*)...

डा. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी: सर, मेरा यह कहना है कि जो conduct की चर्चा है, उसको रिकॉर्ड से निकाला जाना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Bajpayee ji, let us look into it. If anything is against the parliamentary norms, we will see to it. Now, Prof. Manoj Kumar Jha.

PROF. MANOJ KUMAR JHA (Bihar): Hon. Chairman, Sir, thank you so very much. मैं आज सातवीं बार राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। यह सातवाँ मौका है। मैंने इस कार्यकाल में दो राष्ट्रपति देखे और इसी कार्यकाल में तीन उपराष्ट्रपति देख लिए, तो मैं जानता हूँ कि महामहिम की स्क्रिप्ट की क्या पृष्ठभूमि है। I am aware of it. I am aware of the tradition. But what worries me as a citizen is why can't we sit down and change these kinds of traditions. महामहिम जब घर से निकलती होंगी, तो उन्हें ओडिशा, झारखंड, बिहार की सड़कों से बहुत कुछ दिखता होगा, जो अभिभाषण का हिस्सा नहीं हैं। माननीय सभापति महोदय, मेरे पास वक्त ज्यादा नहीं था, इसलिए मैंने सोचा कि मैं अक्सर प्रोज़ में बोलता हूँ, आज पोएट्री में बोलूँगा और बाद में अगर हमारे साथियों की दिलचस्पी हो, तो मैं कवि का नाम भी बता दूँगा। बहरहाल, मैं कह रहा था कि जब महामहिम घर से निकलती होंगी, तो उनको आय की असमानता के दर्शन होते होंगे। हमारे गणराज्य की नैतिक आत्मा है - सामाजिक न्याय, उससे भी वे अपने पुराने दोस्तों से बातचीत के आधार पर रू-ब-रू होती होंगी।

माननीय सभापति महोदय, 28th ऑफ जनवरी को यह एड्रेस हुआ। 29th ऑफ जनवरी को दो चीजें हुई हैं और मैं सभी सदस्यों का ध्यान उनकी ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ, उसके बाद मैं उस कविता के अंश पर आऊँगा। माननीय सभापति महोदय, उस दिन कोर्ट के द्वारा दिए गए दो ऑब्जरवेशन्स बहुत महत्वपूर्ण हैं। एक, यूजीसी रेगुलेशन के संदर्भ में कहा गया कि क्या हम उल्टे पाँव की यात्रा पर निकल पड़े हैं, पीछे की ओर जा रहे हैं? मेरा दिल किया कि मैं कहूँ - जी हाँ, हुजूर।

MR. CHAIRMAN: You have got only six minutes.

Contents Page

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, I seek your protection. I will take only two minutes extra, and I will wind up before ringing the time-bell. जी हाँ, हुज़ूर, एक देश के रूप में हम उल्टे पाँव नहीं, पूरे ताम-झाम के साथ पीछे की ओर मार्च कर रहे हैं। यह भटकाव नहीं है, यह घोषित नीति है। हमारा गंतव्य आसमान की ऊँचाई नहीं, अतीत की खाई है। मैं ऐसा तब कह रहा हूँ, जब कहा गया कि ट्रेड यूनियन विकास में अवरोधक है। मैं जानता हूँ कि यहाँ बैठे अलग-अलग दलों के हमारे तमाम साथी ट्रेड यूनियंस को किस तरह की महत्ता देते थे और देते हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो Factories Act नहीं होता, Employees' State Insurance Act नहीं होता, Maternity Benefit Act नहीं होता और तमाम चीजें नहीं होतीं। सर, उल्टे पाँव की यात्रा का एक आलम यह है कि आज से नहीं, जब मैंने सदन में पहली बार कहा था कि माननीय सभापति महोदय, जब आपको कभी मौका मिले और आप मेरे घर आएँ, तो आप देखेंगे कि मैंने एंट्रेंस पर चार तस्वीरें लगा रखी हैं। वे सीवर में उतरकर मरने वाले हमारे लोग हैं। जहरीली गैस किनको मार रही है? मुझे मंत्री महोदय ने जवाब दिया था - वे 98 प्रतिशत एक ही जाति के, उपजाति के लोग हैं। यह अपने आपमें बताता है कि हम पीछे ही चल रहे हैं।

माननीय सभापति महोदय, अब मैं कविता के अंश पर आता हूँ। किसी से कोई शिकायत नहीं, यह चिट्ठी महामहिम के नाम है। महामहिम के माध्यम से देश के नाम एक खत, यह सबके पते पर एक साथ पहुँचे:

"मेरे प्यारे देश!

यह ख़त किसी एक के नाम नहीं,
न सत्ता के दरवाजे पर दस्तक,
न विपक्ष की मेज़ पर जगह की माँग,
न तालियों की उम्मीद,
न इतिहास की फाइल में कैद होने की चाह।
यह ख़त उन सबके नाम है, जो बोल रहे हैं,
जो चुप हैं या इन दोनों से विलग हैं।
हे प्यारे देश!
काफी समय से महसूस करता हूँ,
कि हमारे बीच का मौसम भारी हो गया है।
हवा में सवाल कम हैं, शक ज्यादा।
संवाद सिकुड़ गया है,
पहचानें हांफने लगी हैं।...
अब हम एक-दूसरे को नाम से नहीं, खानों में रख कर पहचानते हैं।
पड़ोसी अब पड़ोसी नहीं रहता, वह किस तरफ़ है, हम यह जानना चाहते हैं।
नफ़रत अब अचानक नहीं फूटती, उसे सोच-समझ कर उगाया जाता है,
किताबों में, बहसों में, व्हाट्सऐप की सुबहों में और चुनावी बिसातों पर।
मेरे प्यारे देश, डर यह नहीं कि ज़हर फैल रहा है,

डर यह है कि लोग उसे ही अपना जीवन समझने लगे हैं,
जैसे यही हवा हो, यही भाषा, यही भाव, यही नियति ।
मैं यह ख़त इसलिए नहीं लिख रहा हूं मेरे प्यारे देश कि तुम बदल जाओ।
इतिहास इतने तीव्र मोड़ नहीं लेता, मैं जानता हूं।
मैं बस इतना कहना चाहता हूँ कि तुम यह मान लो, कुछ ग़लत हो रहा है।
हर असहमति देशद्रोह नहीं, हर सवाल दुश्मनी नहीं और हर चुप्पी समझदारी नहीं होती।
यह ख़त उन माँ-बाप के नाम भी है जो बच्चों को नफ़रत के साथ डर सिखा रहे हैं।
उन शिक्षकों के नाम, जो सच से हिचकते हैं।
उन नेताओं के नाम, जो आग लगा सकते हैं, पर बुझाना नहीं चाहते।
और हाँ, यह खत मेरे अपने नाम भी है, क्योंकि मैं भी कई बार थक कर चुप हो गया।
मेरे प्यारे देश, अगर मौसम पूरी तरह न बदले, तो भी चलेगा।
बस इतना हो जाए कि लोग पहचान लें कि वे बीमार मौसम में जी रहे हैं।
क्योंकि पहचान के बिना इलाज सिर्फ़ एक बहाना है।
इस ख़त को सँभाल कर रखना, इसे किसी फ़ाइल में मत डालना,
इसे शोर भी मत बनाना, बस पढ़ कर थोड़ा ठहर जाना।
शायद यहीं से बदलाव की शुरुआत हो।

माननीय सभापति महोदय, मैं महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण के संदर्भ में, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं पर, घरेलू राजनीति में घुलते ज़हर पर, आय की भयावह असमानता और बेरोज़गारी के दंश पर बहुत कुछ कहना चाहता था, लेकिन मैं चुप रहूँगा। क्योंकि बोलूँगा तो फट पड़ूंगा, आपमें से कई लोग साथ में फट पड़ेंगे और वह उन सत्ताधीशों को नागवार गुज़रेगा जो कभी इधर हैं, कभी उधर हैं, क्योंकि वे ख़ौफ खाते हैं, छात्र-युवाओं के सवालों से ही नहीं, बल्कि अप्रकाशित पुस्तकों के पन्नों से भी।

बकौल सर्वेश्वर दयाल सक्सेना-

"सनद रहे कि देश सिर्फ काग़ज़ पर बना नक़्शा नहीं होता,
देश रिश्तों से बनता है।"
और जब सत्ता उन रिश्तों पर शक बोने लगती है,
तो संवाद देशद्रोह हो जाता है और सवालों से लोग डरने लगते हैं
फिर सरहदें नहीं टूटतीं, देश भीतर से चुपचाप दरकने लगता है।"

जय हिंद कहने से पहले मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूँ। साथ ही, मैं चाहता हूँ कि हमारी इस पूरी रवायत को, इस पूरी परम्परा को – मैं जानबूझकर इसको संदर्भ में रखना चाहता था कि हमारे संवाद के भी तरीके बहुत बदल गए हैं। मैं सौ दफा कह चुका हूं – महोदय, मुझे एक मिनट का अतिरिक्त समय दे दीजिए।

Contents Page

न जाने क्यों मैं एक सांसद के रूप में यह महसूस करता हूँ कि हम एक-दूसरे से दुश्मनी की ज़ुबान में क्यों बात करते हैं? यदि इधर से कोई सदस्य कुछ कहे, तो क्या यह ज़रूरी है कि उधर से उसी अंदाज़ में शोर मचाया जाए, जिसके बगैर भी संसद में बात की जा सकती है? मैंने 1952 की संसद के बारे में पढ़ा है, 1957 की संसद के बारे में पढ़ा। विपक्ष संख्या में बहुत छोटा था, लेकिन छोटा आकार यह नहीं दर्शाता कि wisdom भी छोटा होगा, ज्ञान भी छोटा होगा, सोच भी छोटी ही होगी। मेरा मानना है कि ये barrier टूटने चाहिए। इसे कोई अन्यथा न ले।

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

प्रो. मनोज कुमार झा: सुधांशु जी, आज तक इस सदन में मैंने कभी ऐसी बात नहीं कही, जिससे किसी की गरिमा को ठेस पहुँचे।

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

प्रो. मनोज कुमार झा: क्योंकि जब मैं इस सदन में आया, तो नेहरू, प्रो. हीरेन मुखर्जी, मीनू मसानी और डॉ. राम मनोहर लोहिया की परंपरा को पढ़ कर आया था। मैं चाहता हूँ कि कल जब चर्चा हो, तो मेरे सदन में वे नाम पुराने न लगें, बासी न लगें, बल्कि उन नामों को लोग आज भी अंगीकार कर सकें। जह-हिन्द!

MR. CHAIRMAN: Since this is his maiden speech, I request all the hon. Members not to interfere in his speech. Now, Shri Kamal Haasan.

SHRI KAMAL HASSAN (Tamil Nadu): Much revered hon. Chairman, respected Members of this House, respectable Members of our alliance party from Tamil Nadu, who found it fit to recommend me to this seat and audience. I consider this moment an honour. I thank you, thanks to those Tamil leaders, who could not come here. Thank you, my brother, Shri M.K. Stalin and I thank you, my beloved nation. Let many doors open to let people of various fields to enter this House to speak for their people. My door opened through the corridors of cinema. A child from Paramakudi was ushered into fame by cinema. That is when I was introduced to cinema and to my Tamil history. I confronted a confusing reality — a reality that did not reflect the promises made in our Constitution that India is a Union of States. I was introduced to my language by my Tamil teachers. One of them was a political leader, Mr. C. N. Annadurai —DURAI; *Roi* in French means king. He was not born as one, but we, the Tamils, anointed him as our king in our minds. He taught us to confront any invasion on our language, our culture and our rights. My love for Tamil goaded me towards him; actually, propelled me towards him. Nearly 57 years later, I get this audience to speak to.

Yesterday, 3rd February, that was the day in 1969, when he orphaned me as one of the fathers of my ideology. I call this now centrism. Then I was just 14, but he left me, my brothers and sisters to live with. I speak in the same House he had spoken. I am trembling not from stage fright, but from emotions. I wrote it down in sedate language so that the storm centred inside me my emotional tornado, if directly let out as words, will surely offend you. Date-wise, my great grandfather, Mr. M.K. Gandhi, died four days before my Anna. I paid him homage and spoke on Gandhi just four days back on television. Today on 4th, one of the sons of Anna and the great grandson of Mr. M.K. Gandhi and Periyar stands before you. The Budget Session is on. Now, I speak in this House of Elders, educated and inspired by my teachers. You may say that I am not qualified to speak on Economics with my high school dropout status. Let it be. Nevertheless, as an extramural student of whatever university you all hail from, I have an opinion as a Tamilian. Mr. M.K. Gandhi helped me write this speech without anger, Periyar helped me add logic and Anna helped me understand this building. This House is re-litigating their participation in our freedom struggle.

Come on lads of our culture and ladies of the country, most of us did not live in the past we are talking about — a past which started many years before any of us. None of us are going to live in the distant future we are debating. This present is where we live and die. Let us set it right together. Let us talk of now. Forgive my pedestrian urge to participate in your lofty politics. But, remember, pedestrians have helped change the course of history and overthrown imperial dictators. Remember Dandi March?

Please remember our Bapu who is a great idea. Now, let us deal with the present. My imminent concerns are the forthcoming elections. So, please allow me to state my observation. I wrote it down thinking only of the impending present. I call it the spell checked story of the living dead. We want to cast our vote and Commissions are checking our right to vote. They are checking the spellings and addresses and that too erroneously. The word "spell" is both a noun and a verb, dear Sirs. You can write it or cast it. We just want to cast our vote. Spelling mistakes are a curse only for languages. Modern literature forgives these in favor of content, as does the internet. Election Commission obviously does not. EC does not mean English coaches. As it is, Bihar has become a land of many living dead. We do not want this disease to spread across the country. My *didi* from Bengal also lamented the same at the EC's office. She is litigating it in the Supreme Court of this disease as I speak now * We

* Not recorded.

Contents Page

fear that there could be soon nearly one crore living dead on paper in Tamil Nadu. I cannot pray to God to alleviate this impending disaster. My rationalist mind has already rejected the idea years ago. I would not pray to those in any Government either. I am demanding that the living dead be resurrected. Not through miracles! We cannot wait for miracles. Our lives are short, act now. The august House will mean nothing to any of us without its other half of this discontented House. At least, we must agree to disagree. Today, nobody agrees to anything. All agreements are reneged. If you refuse to help us with this redirection, you achieve nothing but half-baked, half-finished illegal electoral conquest. Nobody conquers in democracy. The juggernaut called democratic India will roll on. Come help us give it our democratic energy to move forward or stay out of the way of this democratic republic. &"The chariot wheels of Lord Jagannatha, 'wheels of change/revolution'. They are coming! They are coming! Telugu people can understand what I am saying." This is not an attack on personalities or Governments. During my term in this House, that would be futile. This is only a clash of ideas. This democratic juggernaut will roll over differences, but should never roll over people. We will not allow it. Nobody is immortal. No Government can or should aim for permanency. No Government in the history of this world has achieved it yet, and none ever will. This Government also falls under the universal political unwritten law. Fellows, the children are watching. Gen-Z is watching. Please let us grow up along with our growing progressive democracy. Then, at least, tomorrow will be ours.

Respected Sir, I will now address this House for my people in Tamil with your permission. Of course, this is only my anguish and anger at some words, words uttered in the House, this elder House.

& "Dear Sister, Mother, "भवति भिक्षाम देहि"; please give me alms. Saint Thyagaraja, the great legendary singer sang in Telugu. The coins which are taken from his begging bowl may be not be useful in modern world. You are aware of this. The British Education you have received may be because of your quick wit comparable to camphor. Many years have passed after it has gone with the wind. Afterwards, your begging bowl has undergone significant transformation. It has been transformed into a bigger size piggy bank. There are people who intend to break even that piggy bank to collect fund. What do such people speak about Tamil and the Tamils? Is Tamil not fit even for begging? It is true almost to a certain extent. Dear younger sister, I would like to give a southern advice to you. In order to earn your

& English translation of the original speech delivered in Telugu.

source of income, you seek alms in Hindi and English. Tamil is not useful for seeking alms. It will not be useful for looting also. Tamilians will not seek alms. He will never accept alms particularly from you. Dear younger sister, this Kamal Hasan will not sell either his vote or his country. He will never do that. We do not have trust in your curses. You may believe. I hope that you will understand my plan. I drop my plan as a curse. Please accept it with mercy. Pray your favourite deities. This is the thought of a rationalist Tamil Siddha. Let your own action harm your ownself. Our land will always live long. It will flourish prosperously. Let your deficiency harm your own home. You came, you won and now you will leave. This is the norm of the world. This is the norm of politics also. Let you have a fine fall. Tamil will always bloom healthily.

I convey my greetings to all the leaders who have come to this House. I leave now and will surely return. Tomorrow is ours. With regards, your Kamal Hasan. Vanakkam, Jai Hind!"

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Pabitra Margherita.

DR. SUDHANSHU TRIVEDI (Uttar Pradesh): Sir, I would like to say something.

MR. CHAIRMAN: Yes.

DR. SUDHANSHU TRIVEDI: Sir, whatever Kamal Hassan*ji* has spoken, I think, any politics of creating a conflict on language is over. It is because AI is coming and real-time translation in every language is available. Hon. Prime Minister has inaugurated the Kashi Tamil Sangamam in which his speech for five minutes was, in real-time, translated into Tamil. So, I think that era is over and they are living in the paradise of their own to create a conflict on the language.

MR. CHAIRMAN: Now, Shriman Pabitra Margherita.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS; AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI PABITRA MARGHERITA): Sir, I rise today to support the Motion of Thanks on the hon. President's Address. I also rise with a deep sense of responsibility--a responsibility to speak for Assam and the North-East and for the millions of voices which are ignored for decades and are finally being heard today.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*.)

उपसभापति महोदय, हजारों वर्षों से असम भारत का एक अभिन्न अंग है। यहाँ हजारों वर्षों की सनातन परम्परा रही है। भाषा, संस्कृति, इतिहास, कला, अध्यात्म – हम इन सभी में गौरवशाली आहोमिया, गौरवशाली भारतीय हैं। But, it pains me to say that, during the time of partition, the top Congress leadership almost handed over Assam to the 'Group C', that is, to Pakistan.

जो बात मैं अभी सदन के समक्ष रखना चाहता हूँ, वह मुझे भी पहले पता नहीं थी। । recently read the Mountbatten's interview records dated 11th of April 1947 and I was shocked and astonished to read the conversation between Mountbatten and Jawaharlal Nehru. In that conversation, Mountbatten warned Nehru that Jinnah might demand the partition of Assam and Nehru*ji* responded, 'It was a perfectly reasonable request and could be agreed to.' I repeat that Mountbatten warned Nehru that he might demand the separation-- the partition of Assam--and Nehru*ji* said that it is perfectly a reasonable request and could easily be agreed to. ...*(Interruptions)*... Answer! It is available and it is documented by you, yourself. This is documented by my hon. dear friend. This is documented as Selected Works of Jawaharlal Nehru, Series 2, Volume 2, Page No. 87, which is sponsored by Congress. This is not an invention by me. This is available in public domain. This is a publication sponsored by Congress itself. Muslim League wanted, Jinnah wanted, and even Jawaharlal Nehru*ji* agreed too! लेकिन माँ भारती का आशीर्वाद है कि यह सम्भव नहीं हुआ, क्योंकि असम के सुपुत्र लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई और असमवासियों ने इसका विरोध किया। उस संकट काल में महात्मा गाँधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भाई स्वतंत्रता सेनानी शरत चंद्र बोस जी और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी असमवासियों के साथ खड़े रहे।

So, Assam did become a part of Pakistan. Freedom fighter Lokpriya Gopinath Bordoloi became the first Chief Minister of Assam and he dedicated his entire life to the freedom of the nation, for the development of the State of Assam and the North-East as a whole. For five decades, the people of Assam demanded that rightful honour should be given to the great son of the State of Assam, that is, Lokpriya Gopinath Bordoloi. But his own Congress Government at the Centre did not fulfill the demands of the people of Assam. It was only under the Prime Minister, Shri Atal Bihari Vajpayee in 1999, that Lokpriya Gopinath Bordoloi was conferred upon the award of *Bharat Ratna*. खुद की कांग्रेस सरकार ने सम्मानित नहीं किया, परंतु हमारी एनडीए सरकार ने लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई जी को भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किया। He was the first Congress Chief Minister of Assam. Not only he, even the first President of Assam Pradesh Congress Committee, महान स्वतंत्रता सेनानी, छबिलाल उपाध्याय, he

was the first Congress President. गोरखा समाज, असम का समाज कांग्रेस की सेंटर गवर्नमेंट से बार-बार request करता रहा कि छबिलाल उपाध्याय जी को सम्मानित किया जाए, but the voice of Assam, the voice of Gorkha people was totally ignored. नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने छबिलाल उपाध्याय जी को सम्मान दिया। हाल ही में, पिछले सप्ताह असम की राजधानी गुवाहाटी में भाजपा सरकार ने छबिलाल उपाध्याय जी की एक पूर्ण प्रतिमा को स्थापित किया, but he was the first President of Assam Pradesh Congress Committee.

सर, आज हम सब जानते हैं कि असम चाय के 200 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। असम की संस्कृति, समाज और अर्थनीति में असम के चाय श्रमिकों का क्या योगदान है, इससे सभी अवगत हैं। अंग्रेज आए चले गए। कांग्रेस की सरकार आई, लेकिन चाय श्रमिकों का शोषण होता रहा। माननीय उपसभापति जी, आपको विश्वास नहीं होगा कि लगातार 200 साल एक ही जमीन पर रहने के बाद भी चाय श्रमिकों और उनके परिवार को उसी भूमि का अधिकार नहीं मिला था। ...(**व्यवधान**)... असम के लोग ठीक ही बोलते हैं कि चाय श्रमिकों का दर्द और स्वाभिमान को समझने वाला एक ही है, वह है चाय वाला। नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से आज 200 साल बाद 3,33,000 चाय श्रमिकों को भूमि का अधिकार मिला है।

When we talk about Assam's rich art and culture, one name inevitably comes to our mind that is 'Sudhakantha' Dr. Bhupen Hazarika. For decades, the people of Assam demanded that he be honoured with *Bharat Ratna*. Although Congress did not listen to it, but finally *Bharat Ratna* was conferred upon Dr. Bhupen Hazarika by Modi *sarkar*. When the entire nation, including Assam was celebrating the honour bestowed upon Shri Bhupen Hazarika, the House will be shocked to know that the current President of Congress, hon. LoP, Mallikarjun Kharge*ji* said यह किसको दे दिया, गायक को भारत रत्न दे दिया! It was not an insult only to Shri Bhupen Hazarika of Assam, but it was an insult to the entire North-Eastern region. यह कहा गया कि यह किसको दे दिया, भारत रत्न एक singer को दे दिया, तो मैं कांग्रेस को कहना चाहता हूं कि Bhupen Hazarika was not just a singer, he was a professor of university, a poet, a thinker, a social reformer, a journalist, a music director, a singer, a film producer and a director. He received Sangeet Natak Akademi Award, Sangeet Natak Akademi Fellowship, he won four National Awards in Cinema including the Best Music Director in 1971, and he got Padma Shri, Padma Bhushan, Padma Vibhushan, Dadasaheb Phalke Award और कांग्रेस कहती है कि एक गायक को दे दिया, यह कौन है! It is a real insult to the people of Assam and the North-East. Deputy Chairman Sir, hon. President mentioned that more than 7,200 kms. of national highway and more than 50,000 kms. of rural roads were constructed during the Government of NDA.

Listen to me, Sir. ...(*Interruptions*)... आप और एक-दो बातें सुनिए। Just recently, Modi*ji* laid the foundation stone for a 74 kilometer Kaziranga Elevated Corridor

Project. It is to be built at the cost of Rs. 7,000 crore. It will run above the Kaziranga National Park. So, it will ease the connectivity as well as protect the wildlife of Kaziranga. So, not only the people of Assam, wildlife lovers across the globe appreciated this initiative of Pradhan Mantri Modi*ji*. But you will be surprised and shocked, even my friends from the Opposition will be shocked to know and also their President of Assam Pradesh Congress. क्या आपको मालूम है कि इन्होंने क्या बोला! इन्होंने कहा कि हमें यह Corridor नहीं बनाना चाहिए था, इससे धूल-मिट्टी उड़ेगी। यह कितनी हास्यास्पद बात है! 'That Corridor should not be constructed, क्योंकि इससे धूल-मिट्टी उड़ेगी!' मैं कांग्रेस से यह कहना चाहता हूँ कि धूल-मिट्टी उड़े या न उड़े, कांग्रेस चाहे या न चाहे, this kind of development projects under the leadership of Modi*ji* will be continuing in the State of Assam and our country.

Deputy Chairman, Sir, I express my gratitude to the hon. President for sharing Assam's semiconductor growth story. I wish to inform the House that Rs.27,000 crore semiconductor plant is under construction in Assam. जल्द ही अमेरिका हो या इंग्लैंड, कंप्यूटर हो या कार, हर चिप में लिखा होगा - 'Made-in-Assam', 'Made-in-India'. But, the House will be surprised to know the Congress party... ...(*Time-bell rings.*)... * I don't know! But, the House will be surprised to know how the Congress Party responded to this historic development. आदरणीय खरगे जी यहां नहीं हैं, उनके परिवार से ही, कांग्रेस पार्टी से ही यह आया था; how your Party opposed and insulted it. उन्होंने क्या बोला था? उन्होंने यह कहा कि यह सेमिकंडक्टर प्रोजेक्ट असम और गुजरात में क्यों चला गया, असम में तो कोई talent ही नहीं है। It is an insult to the people of Assam by Congress. It is an insult to the people of Gujarat. It is an official statement by the Congress leader from Karnataka, *He officially said कि सेमिकंडक्टर प्रोजेक्ट असम और गुजरात में क्यों दे दिया है, असम में तो कोई talent है ही नहीं। ...(*Time-bell rings.*)... Being 'political tourists', you are going to visit Assam to seek votes! ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, he is £ the House. Sir, he is £. He is £the House.

SHRI PABITRA MARGHERITA: But, this is an insult to Assam's youth and their hard work. We are grateful to आदरणीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी for his trust upon the people, upon the *yuvashakti* of my State of Assam. ...(*Interruptions*)... I welcome my dear friends of Congress to Assam, ...(*Interruptions*)... सुनिए, tourism of Assam has increased by many folds, two-three folds because of peace and harmony, law and order. ...(*Time-bell rings.*)...

---

* Not recorded.

£ Exupnged as ordered by the Chair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI PABITRA MARGHERITA: I invite my Congress friends. Generally, they visit Assam as political tourists. इसलिए आप असम आ जाइए, आप असम देखिए, how people of Assam are flourishing, how development works are going on and what...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, the Minister is£

SHRI PABITRA MARGHERITA: Not £I can authenticate each and everything. ...(*Interruptions*)... This is the book written and compiled by Congress, not by भाजपा or NDA. ...(*Interruptions*)... This is compiled, published by you people.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude now.

SHRI PABITRA MARGHERITA: Yes, Sir. I am concluding. I would like to request my friends from the Opposition just Google with two keywords -you will find how they insulted the people of Assam. असम में सेमिकंडक्टर प्रोजेक्ट क्यों दे दिया, असम में talent नहीं है। ये लोग ही वोट माँगने के लिए, being political tourists, they are coming to us. Thank you. *Jai Aai Ahom, Vande Mataram!*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, Shri Jairam Ramesh wants to say something.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, hon. Minister has referred to a statement made by an MLA who is a Minister in the Karnataka Government. He is not a Member of this House. However, his name is *He has made a statement and attributed it to *I want him to authenticate that statement and lay it on the Table of the house. *has never said what the Minister is claiming he has said.

श्री उपसभापतिः थैंक यू। ...(**व्यवधान**)... माननीय भूपेन्द्र यादव जी।

श्री भूपेन्द्र यादवः सर, उन्होंने किसी को एक MLA की capacity में नहीं बोला। एक पार्टी, एक प्रदेश विशेष के बारे में क्या सोचती है, वह reference था, उसको भी स्वीकार करना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

£ Exupnged as ordered by the Chair.

*Not recorded.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri H.D. Devegowda. ...*(Interruptions)*... आप बैठ कर बोल सकते हैं। ...(**व्यवधान**)... No cross talks, please. ...*(Interruptions)*... No cross talks, please. ...*(Interruptions)*... Hon. H. D. Devegowda*ji*, please speak. ...(**व्यवधान**)... सिर्फ आपकी ही बात रिकॉर्ड पर जाएगी।

SHRI H.D. DEVEGOWDA (Karnataka): Mr. Deputy Chairman, Sir, over the past 11 years, the economic foundation of this country has grown significantly stronger. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. H.D. Devegowda*ji* is speaking. Please keep quiet.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: Despite various global crises, India has remained the fastest-growing major economy in the world. India has further improved its record in keeping inflation under control, directly benefiting the poor and middle-class families of the country. As a result of the Government's policies, the citizens' income has increased, savings have grown, and their purchasing power has also improved.

Sir, I congratulate the NDA Government led by Mr. Narendra Modi*ji* on two remarkable trade deals achieved with the European Union and the United States of America. I have also congratulated hon. Prime Minister by writing a letter to him. Many Opposition leaders were attacking Modi*ji* until recently for maintaining silence regarding President Trump. But they must have now realized that Modi*ji*'s silence has greater power to accomplish things for the nation than all their words put together. So, I urge the Opposition Members to listen to Modi*ji*'s words carefully and, at the same time, pay attention to the silence of Modi*ji*. Sir, when the EU trade deal was announced, the Opposition leaders were quiet. But when the US deal was announced, they started making — I don't know whether I should say 'noise'; whether it is unparliamentary -- a lot of noise. They have been making a lot of attack; I can only say that much. They started saying that Modi*ji* has compromised farmers' interests. I have worked for farmers for more than 70 years; I myself am a farmer. If the NDA Government had compromised on agriculture and the dairy sector, I would have been the first to approach the hon. Prime Minister and make suggestions about adverse effects on the farming community or dairy sector. As things stand, I have no doubt that farmers' interests and dairy interests are unaffected. As such, I extend my full support. Please do not forget, Modi*ji* is a patriot. Do not forget that. He is working very much hard to see that this country's economy becomes a top global economy by 2047; all over the world, India should become one of the pioneers so far as the

economic achievements are concerned. That is for what Modi*ji* is working so hard, to which I want to congratulate him.

Sir, when the former Prime Minister, Dr. Manmohan Singh went to the US and made the nuclear deal, we trusted him because he was a patriot. There was some incident when Junior Bush was there. What had happened at that time, I don't want to go into that. But we will accept that Dr. Manmohan Singh was one of the patriots, whatever may have happened at that time.

Sir, I know there is a time limit. I went to our Chairman, the Vice-President. I would have discussed a lot of things - my colleague is sitting here - about drinking water. *...(Interruptions)...* No; I do not want to quote the tribunal law, please. You are my colleague. You are my good friend. Sir, drinking water is a major problem. We are all human beings. Rain gives us water. Karnataka people are on one side, Tamil Nadu on the other, Andhra Pradesh on the other and Goa on the other side. We do not know, Sir. I am struggling from the last 65 years. I moved a resolution in the Assembly and the Resolution was passed unanimously; I was an independent Member. What has happened about the Cauvery dispute? Sir, today, I am at the fag end of my life.

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): No, no; why are you talking like this? You are a healthy man.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: I know that. I do not want to talk on this issue. I don't want to talk about anything because election is there. I only appeal to this august House, I only appeal, whether I will be here or not, my term may be over by another one month, please take care of Karnataka.

DR. M. THAMBIDURAI: You come back, Sir.

SHRI JAIRAM RAMESH: You come back, Sir.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: You are there, brother. You are one of the talented persons. Why don't you speak? What has happened to your people? Knowing fully well about the sufferings of the farmers and drinking water, Sir, with folded hands, I beg of you. I am with you; I stand with you; I have given an open promise; my son is in your Cabinet; I am not going to make any change; please see that the problem of drinking water is solved. I am grateful to you, Sir, for having given me this much of time to speak. As an old man, you have taken sympathy on me. I am grateful to you, Sir. Thank you very much.

DR. M. THAMBIDURAI: You are not old; you are young. You are going to come back to Rajya Sabha.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sir, we all wish you a very healthy, happy and long life.

DR. M. THAMBIDURAI: Sir, Shri Jairam Ramesh's party is going to vote for him.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Dorjee Tshering Lepcha.

5.00 P.M.

श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा (सिक्किम): माननीय उपसभापति महोदय, मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया के गरिमामयी एवं दूरदर्शी अभिभाषण पर हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूँ। यह अभिभाषण केवल सरकार की उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह नए भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत-2047 की स्पष्ट रूप-रेखा है।

माननीय उपसभापति महोदय, राष्ट्रपति महोदया ने सदन को अवगत कराया कि पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक भारतीय नागरिक गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। यह कोई साधारण आंकड़ा नहीं है। यह प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं की ऐतिहासिक सफलता का प्रमाण है। जिन्होंने कहा था कि गरीबी हटाओ, उन्होंने केवल नारे दिए और मोदी जी ने कहा - "सबका साथ, सबका विकास" और उन्होंने वह करके दिखाया। आज भारत ने 350 मिलियन टन से अधिक खाद्यान्न उत्पादन कर विश्व को यह संदेश दिया है कि भारत न केवल अपनी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है, बल्कि वह वैश्विक संकट के समय दुनिया का पेट भरने की क्षमता भी रखता है। इसी प्रकार, दूध उत्पादन के क्षेत्र में भारत आज विश्व का सबसे सफल देश बन चुका है। यह हमारे किसानों, पशुपालन और सहकारी व्यवस्था की जीत है।

माननीय उपसभापति महोदय, प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने दशकों से लंबित परियोजनाओं को प्रगति जैसे अभिनव मंच के माध्यम से गति दी है और यह सुनिश्चित किया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। यही है, जवाबदेह और परिणामोन्मुख शासन। मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई है कि सरकार इस दशक के अंत तक 500 गीगावॉट नवीनीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगी। यह भारत की हरित प्रतिबद्धता और जलवायु नेतृत्व को दर्शाता है। पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर भारत में 7,200 किलोमीटर सड़कों का निर्माण अपने आपमें प्रधान मंत्री जी की पूर्वोत्तर के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण को स्पष्ट करता है। एक समय था, जब पूर्वोत्तर उपेक्षा का शिकार था, लेकिन आज वह विकास की मुख्यधारा में अग्रणी है। यदि मैं अपने राज्य सिक्किम की बात करूँ, तो मुझे गर्व है कि मोदी सरकार ने Sichey, गंगटोक में मेडिकल कॉलेज का अमूल्य उपहार दिया है। यह दर्शाता है कि यह सरकार छोटे राज्यों को भी समान महत्व देती है और वह स्वास्थ्य अवसंरचना को जमीनी स्तर तक मजबूत कर रही है। इसके लिए मैं सिक्किम सरकार और सिक्किम की जनता की तरफ

से माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ और माननीय स्वास्थ्य मंत्री, श्री जगत प्रकाश नड्डा जी को भी मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ।

"प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि" जैसी योजनाओं ने किसान को सम्मान और आर्थिक सुरक्षा दी है। ग्रामीण रोजगार और समग्र विकास के लिए "विकसित भारत-जी-राम-जी योजना" जैसे कानूनों का निर्माण यह दर्शाता है कि विकसित भारत-2047 केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक स्पष्ट कार्य-योजना है, जिसमें युवाओं की शक्ति और मोदी सरकार का नेतृत्व साथ-साथ चल रहा है। आज भारत खेलों के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर रहा है। युवाओं को बोझ नहीं, बल्कि राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी मानने वाली यही सरकार है।

माननीय उपसभापति महोदय, मेरा निर्वाचन क्षेत्र सिक्किम है और डोकलाम इस सदन में एक जाना-पहचाना नाम है। मुझे इस गरिमामयी सदन को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि अक्टूबर, 2025 से 'Vibrant Village' के मार्फत पर्यटन संबंधी बुनियादी ढांचा पहले से बनकर तैयार हो चुका है और डोकलाम पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। वहाँ प्रतिदिन लगभग 10,000 पर्यटक आ रहे हैं और वहाँ किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं हुआ है। मैं सिक्किम की जनता की ओर से सीमा सुरक्षा के प्रति सतर्कता के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करता हूँ।

माननीय उपसभापति महोदय, इस सदन में विपक्ष के जो माननीय नेता हैं, उन्होंने उत्तर-पूर्वी राज्य को एक देश बोला है। उन्होंने उत्तर-पूर्वी राज्य नहीं, उत्तर- पूर्वी देश बोला है। उसको आप रिकॉर्ड में देख लीजिए।

माननीय उपसभापति महोदय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों में बौद्ध-सर्किट का निर्माण मोदी सरकार का एक अत्यंत सराहनीय प्रयास है, जो तीर्थ-पर्यटन को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा। अंत में, केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय तथा समग्र दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप मुझे पूर्ण विश्वास है कि सिक्किम शीघ्र ही एक प्रमुख शिक्षा केंद्र (education hub) के रूप में उभरेगा।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं एक बार पुनः महामहिम राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। साथ ही, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाए गए ठोस और दूरदर्शी कदमों के लिए मैं उन्हें अंतःकरण से धन्यवाद देना चाहता हूँ।

अंत में, इस ओजस्वी सदन के माध्यम से मैं सिक्किम से जुड़ी कुछ पुरानी और महत्वपूर्ण मांगों को एक बार फिर सदन के समक्ष रखना चाहता हूँ। प्रथम, 12 left-out communities, जो जनजातीय मान्यता प्रदान करने का विषय है। द्वितीय, Limbu-Tamang seats in Vidhan Sabha, उसे वर्ष 2003 में मान्यता प्राप्त हुई थी, किंतु अब तक विधान सभा में उसकी सीट नहीं मिली है। तृतीय, Bhutia, Lepcha and Limbu languages को Eighth Schedule में सम्मिलित किए जाने की मांग है। चतुर्थ, 17th Karmapa Ogyen Trinley Dorje को सिक्किम लाने से संबंधित

विषय है। सिक्किम की जनता की ये चार मांगें बहुत पुरानी हैं। इन सभी विषयों पर आपके माध्यम से मैं केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

अंत में, एक बार पुनः महामहिम राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण का हृदय से स्वागत करते हुए मैं अपनी बात यहीं समाप्त करता हूँ। धन्यवाद। वंदे मातरम्! जय-हिन्द!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Masthan Rao Yadav Beedha; four minutes.

SHRI MASTHAN RAO YADAV BEEDHA (Andhra Pradesh): Respected Deputy Chairman, Sir, I rise to wholeheartedly support the Motion of Thanks on the hon. President's Address. Sir, I thank the hon. President for a forward-looking, progressive and inspiring Address that clearly outlines India's roadmap towards achieving *Viksit Bharat* by 2047. I would like to begin by taking some time to set the record straight regarding repeated attacks on the pride and honour of my State, Andhra Pradesh, over the last two days in this august House. The people of Andhra Pradesh have been listening with shock, anger and frustration as individuals in the Opposition have lowered the dignity of Parliament by speaking [£], misinformation and spreading fake news to gain some political relevance despite the hon. Chairman's warnings. Through you, hon. Deputy Chairman, Sir, I would like to inform my fellow Telugu brothers and sisters to ignore such [£]and instead focus on the works carried out by the *Kutami* Government of Shri Narendra Modi, Shri Nara Chandra Babu Naidu*garu* and Shri Pawan Kalyan.

The work of the NDA Government has been in line with that of the President's Address. Let me highlight the same, Sir. Talking about farmers, the President's Address underlines the importance of the Center-State synergy in achieving national goals. In this context, I wish to highlight the work of the Andhra Pradesh Government, which is working in close alignment with the Indian Government to translate cooperative federalism into real outcomes. A strong example of this convergence is the State's integration of its farmer income support program with the Centrally-funded PM Kisan scheme. The collaborative approach demonstrates federalism working at its best where a reform-oriented Center and development-driven State reinforce each other's efforts.

Sir, let me now talk about development and infrastructure. Issues such as Polavaram and Vizag Steel Plant have been repeatedly cleared by our hon. Chief Minister and State Minister time and time again. If their leader attended the Assembly,

[£] Exupnged as ordered by the Chair.

he would know. When the *Kutami* Government worked to develop a revival plan of more than Rs. 11,000 crores for the Vizag Steel Plant, were not YCP in power, when privatization of the same was almost completed? We work towards not only declaring Polvaram as a national irrigation project, but also set up express monitoring systems to make sure Andhra Pradesh's dream is achieved soon. Were not they responsible for slowing down its progress to a shocking 3.84 per cent in five years of their term, with damage being caused to the existing structure due to their inaction? Sir, we work for development. They work for destruction. That is the difference.

Coming to medical colleges, Sir, the previous State Government promised to build 17 new medical colleges. In reality, for most of these colleges, not even a single stone was laid. After such a complete failure, the same party is now opposing nationally approved public private partnership model.

Sir, their opposition shows they do not understand the difference between PPP model and privatisation. Under the PPP model, the Government retains full control. The YSRCP's opposition to medical colleges under the PPP model expresses their hypocrisy. On AI and technology, I can say that Artificial Intelligence, today, impacts agriculture, education, healthcare, manufacturing and governance. The upcoming AI Summit in New Delhi, taking place for the first time in Asia, will put India on the global map. While the YSRCP were busy destroying the Visakhapatnam and natural beauty like Rushikonda, we were busy bringing international investment.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please speak on the President's Address.

SHRI MASTHAN RAO YADAV BEEDHA: [&]"Development is the resolve; inclusiveness is the means. That is India's future." Jai Bharata, Jai Andhra Pradesh! Thank you.

श्री उपसभापति: माननीय लीडर ऑफ अपोज़िशन।

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: उपसभापति महोदय, मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं और आपके नोटिस में ला रहा हूं। आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहर लाल नेहरू जी का इस देश को बनाने में कितना कंट्रीब्यूशन रहा है, यह सभी को मालूम है। वे आज़ादी के लिए लड़े, उन्होंने देश के लिए बहुत कुछ दिया और 12-13 साल जेल में रहकर उन्होंने अपना जीवन बिताया। उसी तरह आपको यह भी मालूम है कि इंदिरा गांधी जी ने अपने आपको इस देश पर बलिदान किया, लेकिन इतने बड़े नेता, जिन्होंने इस देश को बनाया है और जो देश के लिए लड़े, [*]...(**व्यवधान**)...

[&] English translation of the original speech delivered in Telugu.

[*]Not recorded.

श्री उपसभापतिः आप बड़े सीनियर मैम्बर हैं। आप लोक सभा की बात यहां पर नहीं कह सकते हैं। यहां की कोई बात है, तो आप इस हाउस में कह सकते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः * ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः मल्लिकार्जुन खरगे जी, आपका धन्यवाद। Nothing is going on record. ...(*Interruptions*)... श्रीमती धर्मशीला गुप्ता। सिर्फ लीडर ऑफ हाउस की बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी।

श्री जगत प्रकाश नड्डाः उपसभापति महोदय, जो बात लीडर ऑफ अपोज़िशन ने की है, वह यहां के नियमों के विरुद्ध है, इसलिए उसे टोटली एक्सपंज किया जाए। दूसरे हाउस की बात इस हाउस में नहीं की जा सकती है। ये बाहर जाकर जितना खंडन करना चाहते हैं, करें, लेकिन उस तरह की बात will never come on record. ...(*Interruptions*)... यह मेरी रिक्वेस्ट है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will see it. ...(*Interruptions*)...माननीय श्रीमती धर्मशीला गुप्ता। आप बोलें, आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी।

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता (बिहार)**:** उपसभापति महोदय, मैं इस गरिमामय सदन में महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा दिए गए अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। ...(**व्यवधान**)... यह अभिभाषण केवल सरकार की नीतियों का औपचारिक विवरण नहीं है, बल्कि विकसित भारत @ 2047 के संकल्प को साकार करने का स्पष्ट, समावेशी और दूरदर्शी दस्तावेज है, जिसने सपनों को योजनाओं में बदला और योजनाओं को परिणामों में बदला और इसका नतीजा यह हुआ कि देश के 144 करोड़ देशवासियों ने मोदी सरकार के नेतृत्व पर भरोसा किया। यह मोदी जी का नेतृत्व है। ...(**व्यवधान**)... महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने संबोधन में नारी शक्ति, किसान, युवा, गरीब, संघीय, सहयोग, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तीकरण, इन सभी विषयों को संतुलित रूप से रखा है।

उपसभापति महोदय, माननीय राष्ट्रपति जी ने नारी शक्ति को भारत के विकास की धुरी बताया है। यह केवल सत्य नहीं है, बल्कि पिछले वर्षों में लिए गए ठोस निर्णयों का प्रतिबिंब है। महिला आरक्षण कानून, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' ने देश की करोड़ों महिलाओं को यह विश्वास दिया है कि लोकतंत्र में उनकी भागीदारी अब अस्थायी नहीं, बल्कि संरचनात्मक होगी। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः बैठ जाइए। मैंने बोलने का मौका दे दिया है, अब नहीं बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती धर्मशीला गुप्ताः 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' ने देश की करोड़ों बेटियों को यह विश्वास दिया है कि लोकतंत्र में उनकी भागीदारी अब स्थायी और संरचनात्मक होगी। ...(**व्यवधान**)... उपसभापति महोदय, मैं बिहार से आती हूँ। मैं कुछ चर्चा करना चाहती हूं। ...(**व्यवधान**)...

---

*Not recorded.

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः उपसभापति महोदय, आप सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः हमने आपको बोलने का मौका दिया है। इसके बाद भी आप इतने वरिष्ठ होकर दूसरे हाउस की बात क्यों उठा रहे हैं? It is not right. I will not allow it. ...(*Interruptions*)... आप बोलिए।

श्रीमती धर्मशीला गुप्ताः महोदय, बिहार जैसे राज्य में, जहाँ महिलाएं लंबे समय तक सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से जूझती रही हैं।

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Sir, we are walking out. ...(*Interruptions*)...

(*At this stage, some hon. Members left the Chamber.*)

श्रीमती धर्मशीला गुप्ताः वहाँ स्वयं सहायता समूहों, जीविका दीदी, मुद्रा योजना और डिजिटल भुगतान ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। आज 10 करोड़ बहनें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं और 3 करोड़ बहनें लखपति दीदी हैं। महिलाएं बैंकिंग, संवाददाता और उद्यमी हैं और पंचायत से लेकर नीति निर्माण तक में अपनी भूमिका निभा रही हैं। इसमें प्रमुख भूमिका जन-धन खाता जैसी योजनाओं की रही है। यदि आंकड़ों की बात करूँ, तो 57.11 करोड़ जन-धन खाते खोले जा चुके हैं। महोदय, दुख होता है कि जब विपक्ष की सरकार थी, तो भ्रष्टाचार होता था और खाते में डायरेक्ट पैसे नहीं आते थे, बिचौलिये खा जाते थे, लेकिन यह आदरणीय मोदी जी का दूरदर्शी नीति निर्धारण है।

महोदय, 'प्रधान मंत्री उज्जवला योजना' के तहत लगभग 11 करोड़ से अधिक एलपीजी गैस कनेक्शन्स जारी किए जा चुके हैं, 4 करोड़ घर 'प्रधान मंत्री आवास योजना' के अंतर्गत दिए हैं, 12 करोड़ परिवारों को 'उज्जवला योजना' का लाभ मिला है, उन्हें 'प्रधानमंत्री शौचालय योजना" मिली है। यह सब माननीय नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच से संभव हो सका है। इतना ही नहीं, आज 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, राष्ट्रपति जी ने शिक्षा और स्वास्थ्य को मानव विकास की आधारशिला बताया है। बिहार में बालिका शिक्षा, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, छात्रवृत्ति योजनाएँ और डिजिटल शिक्षा ने सामाजिक बदलाव की नई कहानी लिखी है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 'आयुष्मान भारत योजना', मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान ने माताओं और बच्चों को सुरक्षा दी है।* और आयुष्मान भारत कार्ड पश्चिमी बंगाल में नहीं लाने दिया जाता है। यह दुर्भाग्य की बात है।

माननीय उपसभापति महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी ने किसान कल्याण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बताया है। बिहार की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है। फसल बीमा, कृषि आवरण संरचना कोष, ड्रोन तकनीक और किसान उत्पादक संगठन, एफ़.पी.ओ. जैसे प्रयासों से किसानों को नई दिशा मिली है। हम आदरणीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहते हैं कि उन्होंने

*Not recorded.

'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' देकर किसानों को अमृत दिया है और वे किसानी के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

महोदय, राष्ट्रपति जी ने युवाओं को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया है। बिहार के युवाओं में प्रतिभा और परिश्रम की कोई कमी नहीं है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया, अप्रेंटिशिप और डिजिटल अर्थव्यवस्था ने उनके लिए नए अवसर खोले हैं। यह राष्ट्रपति जी के अभिभाषण की एक बड़ी विशेषता रही है। इसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने की प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखती है। दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए शिक्षा, कौशल और आर्थिक अवसरों का विस्तार ही सच्चा सामाजिक न्याय है। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी की सोच है, उनका संकल्प है — "सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास।" वे इसी संकल्प को लेकर चलते हैं, वे 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को लेकर चलते हैं।

महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में रेलवे क्षेत्र पर जोर दिया गया है, जो बिहार जैसे राज्य के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बिहार का रेलवे नेटवर्क विकास की जीवनरेखा बनकर उभरा है। माननीय उपसभापति महोदय, महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा मत्स्य पालन पर भी जोर दिया गया है, जो बिहार की भौगोलिक और प्राकृतिक क्षमता को पहचानने का संकेत है। मछुआरों के कल्याण, आधुनिक मत्स्य अवसंरचना, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच ने इस क्षेत्र को संगठित स्वरूप दिया है। आज मछली पालन बिहार के नदी किनारे बसे समुदायों के लिए केवल जीविका नहीं, बल्कि सम्मानजनक और स्थायी आय का स्रोत बनता जा रहा है। यह डबल इंजन की सरकार है, तो बिहार भी विकसित बिहार बनने की ओर अग्रसर है।

माननीय उपसभापति महोदय, प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने यह सिद्ध किया है कि सुशासन केवल वादा नहीं, बल्कि यह विकास बोलता है। आदरणीय प्रधान सेवक का यह काम बोलता है कि मोदी जी की नीति और विश्वास केंद्रित सोच का खुले दिल से आम जनता ने स्वागत किया है, जिसके उदाहरण बिहार विधानसभा के चुनावी नतीजे और महाराष्ट्र नगर निगम के चुनावी नतीजे हैं। ये सभी परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि आज का मतदाता विचारधारा से अधिक विकास, घोषणाओं से अधिक परिणाम और राजनीति से अधिक सुशासन को महत्व दे रहा है। हमारे कुछ विपक्ष के साथी एसआईआर पर चिंता जता रहे थे। बिहार में अभी एसआईआर पर चुनाव हुआ, हमने प्रचंड बहुमत से बिहार में सरकार बनाई है। हमने बिहार को जीता है, अब बंगाल की बारी है। बंगाल के लोग हताश और निराश हो रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में इन्हीं नीतियों और विकास केंद्रित सोच के साथ बंगाल और दक्षिण भारत की जनता भी मोदी सरकार का खुले दिल से स्वागत करेगी।

महोदय, मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया के इस दूरदर्शी और प्रेरक अभिभाषण का पूर्ण समर्थन करती हूँ और माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत को एक सशक्त, विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराती हूँ। अंत में, मैं केवल इतना कहना

चाहूँगी कि जब नेतृत्व की नियत साफ हो और लक्ष्य राष्ट्रहित का हो, तो कठिन से कठिन राह भी इतिहास बन जाती है। यह मोदी जी का दृढ़ संकल्प है।

आदरणीय उपसभापति महोदय, मैं आपको बताना चाहती हूँ कि बिहार के किशनगंज से सटकर पश्चिमी बंगाल का बॉर्डर पड़ता है और वहाँ पर बंगाल के द्वारा घुसपैठियों का इतना बड़ा तांडव होता है कि बिहार ही नहीं, पूरे देश में घुसपैठियों का आवागमन हो रहा है और इसका रोजी रोटी पर असर पड़ रहा है। ...(**समय की घंटी**)... अंत में, मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण का पूर्ण समर्थन करती हूँ और हमारा भारत विकसित भारत बने, मैं इसकी कामना करती हूँ।

श्री उपसभापतिः डा. भीम सिंह।

डा. भीम सिंह (बिहार)**:** उपसभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद और पार्टी को भी धन्यवाद, पार्टी के नेता को भी धन्यवाद कि उन्होंने मेरा नाम पार्टी की ओर से बोलने वालों की सूची में रखा।

माननीय उपसभापति महोदय, माननीय राष्ट्रपति महोदया ने 28 जनवरी को सदन के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में अभिभाषण करने की कृपा की है और उस पर इस सदन के माननीय सदस्य, श्री सि.सदानन्दन मास्टर जी ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया है। सदन इस पर चर्चा कर रहा है। अनेक वक्ताओं ने अपनी राय रखी है। अब यह चर्चा लगभग समाप्ति की ओर है, लेकिन हम खेद के साथ अपनी बात प्रारंभ करना चाहते हैं। विपक्ष हिट एंड रन के केस की तरह आता है, बोलता है और खुद भाग जाता है। पूरे विपक्ष की बेंच खाली हैं। ये बड़ी ही खेदजनक स्थिति है कि वे बोलते हैं और दूसरों की सुनते नहीं है।

महोदय, राष्ट्रपति जी का अभिभाषण 27 पृष्ठों में और 57 कंडिकाओं में बंटा हुआ है, जिसमें हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के विकास कार्यों की भी संक्षेप में चर्चा है, क्योंकि आदरणीय प्रधान मंत्री जी की सरकार ने पिछले 11 वर्षों में इतने सारे कार्य किए हैं कि मोटे-मोटे अनेक ग्रंथ लिखे जा सकते हैं। इसलिए संक्षेप में भी जो चर्चा की गई है, वह बड़ी ही शानदार है। हमारा यह कहना है कि यह जो धन्यवाद का प्रस्ताव मास्टर साहब ने पेश किया है, वह इस सदन से सर्वसम्मति से पारित करने के योग्य है। मैं इसके समर्थन में खड़ा हूं।

महोदय, हमारा सीना उस समय और चौड़ा हो जाता है और चौड़ा हो गया जब मैं राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सुन रहा था, जब उन्होंने कहा "10-11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में अपनी नींव मजबूत की है। ये वर्ष 2047 तक विकसित भारत की तेज यात्रा का बहुत बड़ा आधार है।" महोदय, यह जो एक सेंटेन्स है, यह पूरे भारत की जो उभरती हुई तस्वीर है और जो 2047 तक तस्वीर होगी, उसको इस एक सेंटेन्स में माननीय राष्ट्रपति जी ने वर्णित किया है। हमारी सरकार की सचमुच ही इतनी उपलब्धियां हैं, वे इतनी शानदार हैं, इतनी बेमिसाल हैं कि चाहे मामला आंतरिक हो, चाहे बाह्य हो, चाहे मामला सामरिक हो या आर्थिक हो, मोदी सरकार ने चौके और छक्के मारने का काम किया है। आतंकवाद पर नकेल कसी जा चुकी है। माओवादियों का पशुपति

से तिरुपति तक का रेड कॉरिडोर का सपना चूर-चूर कर दिया गया है। उग्रवाद अपनी अंतिम सांसे ले रहा है। रिफॉर्म्स एक्सप्रेस की सवारी पर सवार करता भारत आज दुनिया की फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी बनता जा रहा है। भारत दुनिया की चौथी आर्थिक बड़ी शक्ति बन चुका है, जिसका परिणाम है कि गांव खुशहाल हैं, शहरों में चैन का वातावरण है, पर अफसोस कि हमारे प्रतिपक्ष के नेताओं को कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता है। अभी नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे कि अच्छे दिन कहीं दिखाई नहीं पड़ते हैं। उनको कैसे दिखाई पड़ेगा? उनको देश में बन रही सड़कें नहीं दिखाई पड़तीं, गांव में बन रहे गरीबों के आवास नहीं दिखाई पड़ते, बिजली की समस्या हल हो गई, वह भी नहीं दिखाई पड़ता। हमारी सेना मजबूत हो गई, हमारी वैदेशिक नीति और हमारी आर्थिक नीतियों का दुनिया में डंका बज रहा है, यह भी उनको नहीं दिखाई पड़ता, तो हम कहना चाहेंगे कि कांग्रेस के मित्रों और उनका साथ देने वाले राष्ट्रीय जनता दल, टीएमसी, डीएमके, समाजवादी पार्टी के हमारे नेताओं शायद तुम्हारी आंखों के चश्मे का पावर बढ़ गया है। तुम चश्मा बदलने का काम करो, तब तुमको मोदी जी की उपलब्धियां दिखाई पड़ेंगी।

महोदय, कांग्रेस पार्टी लगातार असत्य बोलती रहती है। कांग्रेस के असत्य से जनता ऊब चुकी है। वह ऐसे-ऐसे असत्य बोलती है कि उनको न्यायालय ने भी दंडित करने का काम किया है। ...(**व्यवधान**)... इसलिए वह असत्य पर असत्य बोलती जाती है। असत्य वाचन करती जाती है और ऐसे असत्य को बिहार में *थेथरई* कहा जाता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः भीम सिंह जी, आप बड़े अनुभवी आदमी हैं, इसलिए आप संसदीय शब्दों का इस्तेमाल करें।

डा. भीम सिंहः महोदय, इनका आरोप है, 'मनरेगा' के स्थान पर जो 'जी राम जी' कानून आया है, इसके बारे में ये कहते हैं कि मजदूरों से काम छीना जा रहा है। ये असत्य की खेती कर रहे हैं। इसमें मजदूरों का काम बढ़ाया गया। ...(**व्यवधान**)... हाँ, ये असत्य की खेती कर रहे हैं। इसमें पहले जहाँ 100 days काम की गारंटी थी, वहीं अब 125 दिन काम की गारंटी हो गई। अभी बजट पेश हुआ और बजट पर चर्चा होगी। सदन फिर भी जानता है कि जो 'जी राम जी' कानून के तहत जो स्कीम है, उसके तहत 95 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हमारी सरकार ने पहले से 'मनरेगा' के तहत जो काम चल रहा था, उसके लिए भी 30 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। महोदय, इनके इस असत्य का कि 'जी राम जी' विधेयक मजदूरों का हक छीन रहा है, वही हश्र होने वाला है, जिस तरह से इनके एसआईआर के नारे का हश्र हुआ। बिहार में एसआईआर, एसआईआर का पूरा शोर मचाया गया, आज पश्चिमी बंगाल में शोर मचाया जा रहा है। बिहार में तो कांग्रेस पार्टी के द्वारा पदयात्रा तक की गई और जनता ने क्या किया! जहाँ उनके पिछले चुनाव में 19 विधायक थे, उनको मात्र 6 विधायक तक सिमटा दिया। 'जी राम जी' के खिलाफ यह जो अभियान चल रहा है, उसका भी यही हश्र होने वाला है।

कांग्रेस ने 'संविधान खतरे में है' का नारा दिया। आपको याद होगा कि लोक सभा चुनाव के पहले नारा दिया गया कि 'संविधान खतरे में है' और जनता ने क्या किया! उसने मोदी जी को

तीसरी बार सत्ता में बिठाने का काम किया। हम देखते हैं कि इनके असत्य का यही परिणाम होता है।

इन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के चुनाव में वोट चोरी हुई और सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह आरोप निराधार है। कांग्रेस ने राफेल सौदे में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया।

[**उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा)** *पीठासीन हुए।*]

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह आरोप भी निराधार है। और तो और कांग्रेस पार्टी के नेता को सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी माँगनी पड़ी। राफेल के सौदे में आरोप लगाने के मामले में कांग्रेस के नेता को माफी माँगनी पड़ी। कांग्रेस ने नोटबंदी के सिलसिले में आरोप लगाया कि इसमें गड़बड़ी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसमें कोई भी गड़बड़ी नहीं हुई है। कांग्रेस के नेता द्वारा कहा गया कि चीन द्वारा भारत का 2,000 स्क्वायर किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसका कोई प्रमाण नहीं है। यह मैं क्यों कह रहा हूँ? मैं यह इसलिए कह रहा हूँ कि 'जी राम जी' के खिलाफ इनका जो अभियान चल रहा है, उसका भी हश्र इसी तरह का होने वाला है। कांग्रेस पार्टी के नेता ने और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आरएसएस पर आरोप लगाया है और लगाते रहते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जो सौ वर्षों से इस देश की, हिंदू समाज की और पूरे भारतीय समाज की निःस्वार्थ सेवा कर रहा है। उस पर यह आरोप लगाया जाता है कि गाँधी जी की हत्या में इसका हाथ है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर भी इनकी मज़म्मत की और कांग्रेस के नेता को इसके लिए भी माफी माँगनी पड़ी। कांग्रेस पार्टी के नेता वीर सावरकर पर आरोप लगाते हैं कि वीर सावरकर ने अंग्रेजों से माफी माँगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर भी लताड़ लगाई और इसके लिए भी कांग्रेसी नेता को सुप्रीम कोर्ट में माफी माँगनी पड़ी। महोदय, सबसे ज्यादा हद तो तब हो गई ...(**समय की घंटी**)... महोदय, दो मिनट, बहुत इंतजार करते-करते मुझे आज मौका मिला है।* इतने बड़े असत्य और इतने बड़े गंदे वक्तव्य के लिए इनको सजा भी हो गई। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा रखी है। ये सजायाफ्ता नेता हैं। ये नेशनल हेराल्ड केस में charge-sheeted हैं।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा)ः प्लीज़, अब conclude कीजिए।

डा. भीम सिंहः महोदय, स्पष्ट है कि कांग्रेस और खास करके इससे नेता, लगातार निरर्थक और तथ्यहीन वक्तव्य देते रहते हैं। जनता इन्हें अच्छी तरह पहचान गई है और इसीलिए वह इन्हें लगातार हार के रूप में दंडित कर रही है। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. You will have to conclude. Please!

डा. भीम सिंहः महोदय, वेस्ट बंगाल के चुनाव में भी ऐसा ही होने वाला है और वहां भी कमल खिलने वाला है।

---

* Not recorded.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. We have to conclude.

डा. भीम सिंह: वहां भी तृणमूल को उखाड़ करके फेंकना है। **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): I would like to move on.

डा. भीम सिंह: महोदय, अब चूंकि आपकी ओर से बैठने का आदेश हो गया है, तो अपने इन्हीं शब्दों के साथ, मास्टर सदानन्दन जी ने जो धन्यवाद का प्रस्ताव पेश किया है, मैं उसका समर्थन करता हूँ और सदन से अपील करता हूँ कि वह इसे पारित करने की कृपा करे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Further Discussion on this Motion will continue tomorrow. We will now take up Special Mentions.

SPECIAL MENTIONS

Need for a Dedicated National Response for Type 1 Diabetes in India

DR. ANIL SUKHDEORAO BONDE (Maharashtra): Sir, there is an urgent need for a dedicated national framework to support children and young adults living with Type-1 Diabetes, a lifelong autoimmune condition that strikes early and demands daily insulin and vigilant care. Unlike Type-2 diabetes, Type-1 is not lifestyle-related and cannot be prevented. It requires round-the-clock access to insulin, glucometers, ketone strips, trained providers and school safety protocols. India has over 1 million people living with Type-1 Diabetes, yet their needs are not fully integrated into public health programmes. Since they do not fall under the 'rare' disease category and are relatively small in number, they are often overlooked in NCD (Non-Communicable Diseases) programmes. Meeting their needs is neither complex nor unaffordable. India already manufactures world-class insulin used globally.

I, therefore, urge the Government to: firstly, create a national Type-1 Diabetes pathway with dedicated budgets; secondly, ensure uninterrupted access to insulin and monitoring tools across public facilities; thirdly, mandate school safety protocols for hypoglycemia management; fourthly, strengthen device regulation and data systems for better care outcomes. Type 1 Diabetes care is an opportunity to save lives, uphold health equity and make India a global leader in compassionate and high quality diabetes care.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Anil Sukhdeorao Bonde: Shri Sat Paul Sharma (Jammu & Kashmir), Shri Banshilal Gurjar (Madhya Pradesh), Dr. Bhim Singh (Bihar), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh) and Shri Govindbhai Laljibhai Dholakia (Gujarat).

Next is Dr. M. Dhanapal; not present. Then, Shri Sant Balbir Singh.

Demand for the inclusion of Environmental Studies as a mandatory subject in every school curriculum

SHRI SANT BALBIR SINGH (Punjab): [&] Sir, the bond between humanity and the Earth, the planet we inhabit, is ancient and profound. Across all our religions, great respect is shown for the elements of nature—air, water and earth. Gurbani says, "*Pavan Guru, Pani Pita, Mata DharatMahat*" (That means air is the teacher, water is the father and the earth is the great mother).

Due to increase in global warming, we are witnessing a direct impact on humans, animals, birds, aquatic life and plants on earth. Disastrous floods, severe droughts and massive storms are all a result of climate change. These changes have occurred because humans have interfered with nature on a large scale. The only solution to prevent calamities arising from these drastic changes is to raise awareness about the environment and make it a mandatory subject in educational institutions. If we focus on addressing global changes starting from our primary schools, future generations will become passionate environmental advocates and the biggest strength of society. This is why it is said, "Think globally, act locally." Sir, I demand from the Government that environmental studies be made a mandatory subject in all schools in India, where children will not only learn theoretical knowledge but also hands-on lessons such as planting trees, caring for plants, conserving water and living harmoniously with nature.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Sant Balbir Singh: Shri A. A. Rahim (Kerala), Shri Niranjan Bishi (Odisha) and Dr. John Brittas (Kerala).

Shri Baburam Nishad.

[&] English translation of the original speech delivered in Punjabi.

Demand for establishment of an All India Institute of Medical Sciences (AIIMS) in Mahoba district of Bundelkhand region in Uttar Pradesh

श्री बाबू राम निषाद (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं उस वीर भूमि महोबा का विषय उठा रहा हूँ, जिसकी माटी ने आल्हा-ऊदल जैसे पराक्रमी शूरवीरों को जन्म दिया है और जिसने सदैव राष्ट्र के लिए बलिदान और स्वाभिमान की परंपरा निभाई है। आज भी महोबा एवं आस-पास के जिलों में यदि कोई नागरिक गंभीर रूप से बीमार हो जाता है, तो उसे इलाज के लिए 250 से 300 किलोमीटर दूर लखनऊ या दिल्ली ले जाना पड़ता है। अनेक मामलों में मरीज इलाज तक पहुँचने से पहले ही एम्बुलेंस में दम तोड़ देते हैं, क्योंकि रास्ते में समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होती। महोबा बुंदेलखंड का केंद्र बिंदु है। यदि यहाँ एक AIIMS की स्थापना की जाती है, तो इससे न केवल महोबा, बल्कि हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, ललितपुर, जालौन तथा मध्य प्रदेश के टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना तक की लगभग दो करोड़ से अधिक आबादी को जीवनदायी लाभ मिलेगा। वर्तमान में झांसी मेडिकल कॉलेज पर क्षमता से कहीं अधिक बोझ है। महोबा में AIIMS की स्थापना होने से पूरे बुंदेलखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था का विकेंद्रीकरण होगा और क्षेत्र को उच्च स्तरीय एवं सुलभ चिकित्सा प्राप्त होगी।

अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि 'प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना' के अंतर्गत महोबा जनपद में AIIMS की स्वीकृति प्रदान की जाए। यह निर्णय बुंदेलखंड के करोड़ों लोगों को जीवन देगा और विकसित भारत के संकल्प को सशक्त करेगा।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The hon. Member, Shri Niranjan Bishi (Odisha), associated himself with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Baburam Nishad.

Shri Khiru Mahto.

Concern over the environmental issues of Ramgarh and Bokaro districts of Jharkhand state

श्री खीरू महतो (बिहार): महोदय, मैं सरकार का ध्यान झारखंड राज्य के रामगढ़ जिला तथा बोकारो जिला की एक अत्यंत गंभीर पर्यावरणीय समस्या की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ। इन जिलों में बड़ी संख्या में चिमनी ईंट भट्ठों का संचालन हो रहा है। इन ईंट भट्ठों में बड़ी मात्रा में मिट्टी जंगलों की जमीन से अवैध रूप से निकाली जा रही है। इसके कारण जंगलों के भीतर लगातार गड्ढे बनते जा रहे हैं, बड़ी मात्रा में पेड़ जड़ सहित उखड़ रहे हैं, वन क्षेत्र तेजी से नष्ट हो रहा है और पर्यावरणीय असंतुलन का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। जंगलों का विनाश केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि स्थानीय वन्यजीव, भूजल स्तर और आसपास की ग्रामीण आबादी के जीवन पर भी सीधा प्रभाव डाल रहा है।

अतः मैं सरकार से यह माँग करता हूँ कि रामगढ़ एवं बोकारो जिलों में जंगलों से मिट्टी की अवैध खुदाई और ईंट भट्ठों द्वारा हो रहे पर्यावरणीय नुकसान पर तत्काल और प्रभावी रोकथाम की

कार्रवाई की जाए तथा अवैध मिट्टी खनन में शामिल संचालकों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कदम उठाए जाएँ। जंगलों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण हेतु यह कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Khiru Mahto: Shri A. A. Rahim (Kerala) and Shri Niranjan Bishi (Odisha).

Shri Masthan Rao Yadav Beedha.

Demand for operationalization of South Coast Railway (SCOR) Zone

SHRI MASTHAN RAO YADAV BEEDHA (Andhra Pradesh): Sir, I bring to the notice of the Government the long-pending issue of operationalising the South Coast Railway Zone with its headquarters at Visakhapatnam, as assured under the Andhra Pradesh Reorganisation framework. The new railway zone was envisaged to correct regional imbalances, improve administrative efficiency and accelerate railway infrastructure development in Andhra Pradesh.

Although some preliminary steps have been taken, including the initiation of staff transfers from South Central Railway, the South Coast Railway Zone is yet to become fully functional. The absence of a formal Gazette Notification, independent budgetary allocation and full administrative autonomy has delayed the expected benefits. As a result, important decisions related to railway expansion, passenger facilities, freight movement and project execution continue to face avoidable procedural delays. Operationalising SCoRZ is crucial for improving rail connectivity across coastal Andhra Pradesh and Rayalaseema, enhancing freight handling for ports and industrial corridors and strengthening passenger services in fast-growing urban regions. A functional Zone will also support port-led development, industrial growth and employment generation, especially in port cities and backward districts.

Sir, I urge the Union Government to expedite the issuance of the formal Gazette Notification, provide adequate budgetary support, ensure full administrative and operational independence, and clearly outline a time-bound roadmap for making the South Coast Railway Zone fully operational.

Timely action is essential to honour commitments made to the people of Andhra Pradesh and to strengthen regional rail infrastructure in line with national development goals. Thank you, Sir.

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Masthan Rao Yadav Beedha: Shri A. A. Rahim (Kerala), Shri Niranjan Bishi (Odisha) and Shri P. P. Suneer (Kerala).

Dr. Kavita Patidar.

Demand for implementation of an integrated Narmada Riverfront Development Policy

डा. कविता पाटीदार (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश की जीवन-रेखा, 'माँ नर्मदा' की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ। नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारे प्रदेश की संस्कृति, आस्था और अर्थव्यवस्था का आधार है। अमरकंटक से लेकर अलीराजपुर तक, माँ नर्मदा मध्य प्रदेश के 15 जिलों से होकर गुजरती है। प्रधान मंत्री जी के 'विकास भी और विरासत भी' के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने नर्मदा तटों के संरक्षण के लिए सराहनीय कदम उठाए हैं।

अतः मेरा सरकार से विनम्र अनुरोध है कि साबरमती रिवरफ्रंट की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी एक "एकीकृत नर्मदा रिवरफ्रंट विकास नीति" लागू की जाए। अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला, जबलपुर, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, हरदा, देवास, खंडवा, खरगोन, धार, बड़वानी और अलीराजपुर जैसे सभी जिलों में व्यवस्थित रिवरफ्रंट कॉरिडोर विकसित किए जाएँ। माँ नर्मदा की परिक्रमा करने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक घाट और सुविधाएँ बनाई जाएँ। विशेष रूप से, महिलाओं के लिए घाटों पर सुरक्षित चेंजिंग रूम और प्रकाश की व्यवस्था हो, जो 'नारी शक्ति' के सम्मान और सुरक्षा को सुनिश्चित करे। हर जिले में रिवरफ्रंट के साथ एसटीपी (Sewage Treatment Plant) लगाए जाएँ, ताकि गंदा पानी सीधे माँ नर्मदा में न मिले और नदी का 'अविरल निर्मल' स्वरूप बना रहे।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Dr. Kavita Patidar: Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh) and Shri Govindbhai Laljibhai Dholakia (Gujarat).

Ms. Swati Maliwal.

Need for a uniform approach for minimum pension and travel concessions for senior citizens

सुश्री स्वाति मालिवाल (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): महोदय, आज देश के युवा हमारा भविष्य लिख रहे हैं, पर हमारे बुजुर्ग देश की नींव हैं। उम्र भर उन्होंने हमें पाला-पोसा, काबिल

बनाया, लेकिन अपने बच्चों पर आँख बंद करके पैसे खर्च करने वाले माता-पिता बुढ़ापे में अक्सर बच्चों से पैसे माँगने में झिझकते हैं और अपने आपको अकेला महसूस करते हैं।

मैं देश के बुजुर्गों के लिए दो अहम मांगें रखना चाहती हूँ। पहली, करीब 20% वरिष्ठ नागरिकों के पास कोई आय नहीं है। वृद्धावस्था पेंशन उनके लिए जीवन-रेखा है। कई घरों में नानी-दादा की दवाइयाँ तक इसी पेंशन से आती हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि विभिन्न राज्यों में पेंशन की राशि में भारी असमानता है। किसी राज्य में पेंशन 4,000 रुपये है, तो किसी में सिर्फ 250 रुपये। क्या एक राज्य की नानी और दूसरे राज्य की दादी में कोई फर्क है? सब इसी देश के तो नागरिक हैं! अतः जरूरी है कि देश भर में अच्छी समान न्यूनतम वृद्धावस्था पेंशन हो और वह महँगाई के साथ बढ़े। दिल्ली में पिछले दशक में किसी बुजुर्ग की पेंशन ही नहीं बनी। दिल्ली के हर बुजुर्ग को समय पर पेंशन मिलनी चाहिए।

दूसरा, कोरोना से पहले रेलवे और फ्लाइट्स में मिलने वाली 50 परसेंट वरिष्ठ नागरिक छूट दोबारा शुरू की जाए। रिटायरमेंट के बाद यात्रा और तीर्थ बुजुर्गों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। ये दोनों उपाय लागू करने से सरकार को करोड़ों बुजुर्गों की दुआएँ मिलेंगी। ये हमारा कर्तव्य भी है- गरिमामय जीवन, बुजुर्गों का अधिकार।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by hon. Member, Ms. Swati Maliwal: Shri A. A. Rahim (Kerala), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. John Brittas (Kerala), Shri Ramji (Uttar Pradesh), Shri P.P. Suneer (Kerala), and Shri Subhasish Khuntia (Odisha).

Need for convergence of 'One District One Product (ODOP)' and *'Mera Gaon Meri Dharohar* (MGMD)'

SHRI SANJAY KUMAR JHA (Bihar): Sir, ODOP (One District One Product) is an elaborately-thought out undertaking of DPIIT (Department for Promotion of Industry and Internal Trade) to transform local specialties into global brands, supporting artisans, farmers, and small enterprises while preserving India's rich cultural heritage. ODOPs are showcased and promoted internationally through trade fairs, exhibitions, e-commerce platforms, and diplomatic channels, thereby enhancing India's export footprint and brand value. Bihar has shown tremendous potential under ODOP Scheme. Each district has strategically identified export-oriented products ranging from pharmaceuticals from Siwan to bamboo products from Samastipur, as well as the globally acclaimed Shahi Litchi and Lahthi fruits of Muzaffarpur, and Katarni rice and silk from Bhagalpur, tea from Kishangarh to name a few. While ODOP as a stand-alone initiative promises to transform the local economy of a district, when combined with yet another initiative the Mera Gaon Meri Dharohar (MGMD)

programme, it could help herald or reinforce knowledge of India's cultural traditions across the globe. MGMD's mapping of the cultural ecosystem in India's villages carries the potential to enrich ODOP narratives by embedding history, rituals and local identity to product branding. Thus, each ODOP export could be showcased as a "living cultural artifact". Village lores, legends and verified traditional knowledge documented under MGMD can form the cultural backbone of ODOP promotion. Villages mapped under MGMD for their distinctive crafts, art forms or rituals could be formally clustered as ODOP—heritage spaces. Such spaces can integrate ODOP export production with cultural exhibition zones and community museums. This model links livelihood generation with the preservation of intangible cultural heritage. I urge the Government to look into it.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The hon. Member, Shri Niranjan Bishi (Odisha), associated himself with the Special Mention made by hon. Member, Shri Sanjay Kumar Jha.

Dr. Sikander Kumar.

Demand for strict measures to tackle growing water scarcity problem in the Himalayan regions

डा. सिकंदर कुमार (हिमाचल प्रदेश): महोदय, मैं सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, नार्थ-ईस्ट के कई पहाड़ी राज्यों में मीठे पानी के संसाधनों के स्रोतों के बढ़ते संकट की ओर दिलाना चाहता हूँ। भारतीय हिमालयी क्षेत्र, जिसे "दक्षिण एशिया का जलस्तंभ" कहा जाता है, एक गहराते पारिस्थितिक संकट का सामना कर रहा है, क्योंकि इसके लगभग 50 परसेंट स्रोत या तो सूख चुके हैं या सूखने की कगार पर हैं। पहाड़ी क्षेत्र, जो कभी ताजे जल से भरपूर थे, अब ऐसी स्थिति में पहुँच गए हैं कि कई गाँवों की महिलाओं को हर सुबह सूखते स्रोतों से पानी लाने के लिये एक घंटे से अधिक पैदल चलना पड़ता है। जल संकट के अलावा, यह क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, अस्थायी विकास प्रक्रियाओं और पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण परिदृश्य की रक्षा के लिये समग्र संरक्षण रणनीतियों की तत्काल आवश्यकता जैसी व्यापक पर्यावरणीय चुनौतियों से भी जूझ रहा है। नीति आयोग की वर्ष 2018 की रिपोर्ट के अनुसार, IHR (International Health Regulations) में लगभग 50 परसेंट झरने पहले ही सूख चुके हैं, जिससे इन संसाधनों पर निर्भर लोगों के लिये विनाशकारी परिणाम होंगे।

मैं भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जाये और भारतीय हिमालयी क्षेत्र के सामरिक, पारिस्थितिक और आर्थिक महत्व को ध्यान में रखते हुए ऐसे कठोर निर्णय ले, जिससे ज़मीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाकर, लोग अल्पकालिक लाभ की तुलना में पर्यावरणीय संधारणीयता को प्राथमिकता दें, जिससे भविष्य के लिए सूखते जल स्रोतों को बचाया जा सके।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Dr. Sikander Kumar: Shri Sat Paul Sharma (Jammu & Kashmir), Shri A.A. Rahim (Kerala), Shri Niranjan Bishi (Odisha) and Shri Naresh Bansal (Uttarakhand).

Thank you. Now, Dr. M. Dhanapal.

Demand for dialysis facilities in the rural and semi-urban areas of Tamil Nadu

DR. M. DHANAPAL (Tamil Nadu): Sir, I draw attention of the Government to the serious inadequacy of dialysis facilities for Chronic Kidney Disease patients in the rural and semi-urban areas of Tamil Nadu. Chronic Kidney Disease has emerged as a major public health concern, particularly affecting economically weaker sections who are unable to access or afford regular dialysis. While the efforts to introduce dialysis units at select government hospitals have been made, a recent assessment of Primary Health Centres and peripheral health institutions reveals significant gaps in dialysis infrastructure, availability of trained nephrology technicians, nurses, and proper maintenance of dialysis machines. In many centres, services are either non-functional or severely under-utilised due to manpower shortages and lack of regular consumables. Patients from rural areas are compelled to travel long distances to district headquarters or private facilities, resulting in high out-of-pocket expenditure, treatment discontinuation and avoidable loss of life.

I urge the Government to make comprehensive assessment of dialysis infrastructure, manpower deployment, and maintenance mechanisms at the primary and secondary healthcare levels in Tamil Nadu. Government should also expand affordable and decentralised dialysis services at the primary healthcare level, particularly through public-private partnerships, mobile dialysis units, and enhanced central assistance under national health schemes, so that life-saving dialysis care becomes accessible to the poorest and most vulnerable sections of society.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The hon. Member, Shri A.A. Rahim (Kerala), associated himself with the Special Mention made by the hon. Member, Dr. M. Dhanapal.

The House stands adjourned to meet at 11.00 a.m. on Thursday, the 5th February, 2026.

The House then adjourned at fifty-seven minutes past five of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 5th February, 2026.

Contents Page

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)